दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 11 | अंक : 280 | टोंक | मंगलवार,25 जून, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष चतुर्थी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# संसद का पहला सत्र शुरू
# जेपी नड्डा राज्यसभा में सदन के नेता

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू हो गया है। सबसे पहले सदन में राष्ट्रगान हुआ, उसके बाद पिछले सदन के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद पीएम मोदी ने लोकसभा सदस्य की शपथ ली। मोदी के बाद उनकी कैबिनेट के लोकसभा सांसदों ने शपथ ली। सदन को 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लंच के बाद सदन की कार्यवाही फिर शुरू हुई।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम जब शपथ के लिए बुलाया गया तो विपक्ष ने नीट-नीट, शेम-शेम बोलना शुरू कर दिया। विपक्ष नीट पेपर धांधली में उनके इस्तीफे की भी मांग कर चुका है।

सत्र शुरू होने से पहले संसद पहुंचे पीएम मोदी ने कहा- देश चलाने के लिए सबकी सहमति जरूरी है। हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। संविधान की मर्यादाओं का पालन करते हुए देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं। देश को एक जिम्मदार विपक्ष की जरूरत है। संसद में मंगलवार को भी नए सांसदों की शपथ होगी। इससे पहले भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को सोमवार सुबह 10 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू मौजूद थे। उधर, राज्यसभा में भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को पीयूष गोयल की जगह नेता सदन बनाया गया है। नड्डा गुजरात से राज्यसभा के सांसद हैं।

### रिवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के सांसद बोले- देश के धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र की रक्षा जरूरी

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आपातकाल पर की गई टिप्पणी पर, रिवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के सांसद एनके प्रेमचंद्रन ने कहा कि बीते 10 साल में एनडीए सरकार के दौरान, संविधान और संवैधानिक संस्थानों पर कब्जा किया गया है। संवैधानिक स्वायत्त संस्थाओं की स्वतंत्रता छीनी जा रही है। सरकार की ओर से संविधान बदलने की मजबूत कोशिश की जा रही है... इसलिए संविधान की रक्षा और सुरक्षा के लिए, विपक्ष ने प्रतीकात्मक रूप से संविधान को आगे रखा है और कहा है कि हम कभी भी संविधान को इस तरह बदलने नहीं देंगे कि भारत एक धार्मिक राज्य बन जाए। भारत के धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र की रक्षा करनी होगी, और संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों और मूल्यों की भी रक्षा करनी होगी। उन्होंने ये भी कहा कि हम स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों पदों के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगे। सरकार को सामने आने दीजिए कि वे स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के पद को लेकर विपक्ष की राय लेना चाहते हैं या नहीं। अगर सरकार विपक्ष से बात करके एक सहमति से स्पीकर और डिप्टी स्पीकर चुनती है तो ठीक है। अगर ऐसा नहीं होता है तो हम चुनाव लड़ेंगे।

### झलकियां

- असम से कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन ने संविधान की कॉपी हाथ में लिए शपथ ली।
- लालू यादव की बेटी मीसा भारती ने शपथ ली।
- गिरिराज सिंह को कांग्रेस सांसद वेणुगोपाल ने गले लगाया।
- कंगना रनौत, अनुराग, हुड्डा और निशिकांत दुबे ने शपथ ली।
- सोनिया गांधी के साथ दिखे फैजाबाद (अयोध्या) के सांसद अवधेश प्रसाद
- कांग्रेस सांसद वेणुगोपाल ने अखिलेश यादव को गले लगाया।
- सांसद महुआ मोइत्रा लाल साड़ी पहनकर हाथ में संविधान की कॉपी लेकर पहुंचीं ।
- कन्नड़, असमिया, तेलुगु, गुजराती, मराठी, मलायलम और संस्कृत में मंत्रियों ने शपथ ली।
- केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी और प्रह्लाद जोशी ने कन्नड़ में शपथ ली, जबकि धर्मेंद्र प्रधान और जुएल ओराम ने उड़िया भाषा में शपथ ली।

### राहुल गांधी ने कहा, संविधान पर मोदी-शाह का हमला स्वीकार नहीं

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह संविधान पर हमला कर रहे हैं। इस तरह के हमले आईएनडीआईए ब्लॉक को स्वीकर नहीं है। हमने शपथ लेते समय संविधान को धारण किया है। हमारा संदेश जा रहा है, कोई ताकत इसे छू नहीं सकती है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत विपक्षी नेताओं ने संविधान की प्रतियां हाथ में लेकर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

### सीकर सांसद अमराराम ट्रैक्टर से संसद पहुंचे

बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने संसद भवन की सीढ़ियों को पहले नमन किया। इसके बाद भवन में प्रवेश किया। उनके हाथ में भारत का संविधान किताब थी। सीकर सांसद अमराराम अपने सरकारी आवास से ट्रैक्टर चलाते हुए संसद के लिए रवाना हुए।

## शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की शपथ के दौरान विपक्ष ने नारे लगाए- शेम-शेम



## पीएम ने संसद सत्र से पहले मोदी ने इमरजेंसी का जिक्र किया
# 50 साल पहले संविधान को नकार दिया गया; संसद ड्रामे और स्लोगन से नहीं चलेगी : मोदी

नई दिल्ली।

संसद सत्र शुरू होने से आधे घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इमरजेंसी का जिक्र किया। दरअसल, 25 जून को देश में आपातकाल के 50 साल पूरे हो रहे हैं। पीएम ने कहा- 25 जून न भूलने वाला दिन है। इसी दिन संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था। भारत को जेलखाना बना दिया गया था। लोकतंत्र को पूरी तरह दबोच दिया गया था।

उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी संकल्प लेंगे कि भारत में फिर कभी कोई ऐसी हिम्मत नहीं करेगा, जो 50 साल पहले की गई थी।

प्रधानमंत्री ने 14 मिनट 28 सेकेंड के भाषण में इमरजेंसी के अलावा, नए संसद भवन, नए सांसदों, जिम्मेदार विपक्ष, तीसरे कार्यकाल, विकसित भारत पर अपनी बात रखी।

### इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने पर

मोदी ने आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा- कल 25 जून हैं। जो लोग इस देश के संविधान की गरिमा को समर्पित हैं, जो लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर निष्ठा रखते हैं, उनके लिए 25 जून न भूलने वाला दिवस है। भारत की नई पीढ़ी ये कभी नहीं भूलेगी की संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था, भारत को जेलखाना बना दिया गया था, लोकतंत्र को पूरी तरह दबोच दिया गया था। इमरजेंसी के ये 50 साल इस संकल्प के हैं कि हम गौरव के साथ हमारे संविधान की रक्षा करते हुए, भारत के लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी ये संकल्प करेंगे कि भारत में फिर कभी कोई ऐसी हिम्मत नहीं करेगा, जो 50 साल पहले की गई थी और लोकतंत्र पर काला धब्बा लगा दिया गया था। हम संकल्प करेंगे जीवंत लोकतंत्र का, भारत के संविधान के अनुसार जन सामान्य के सपनों को पूरा करने का।

### संसद में विपक्ष की भूमिका पर

सांसदों से भी देश को बहुत अपेक्षाएं हैं। सांसदों से अनुरोध करूंगा कि जनहित और लोकसेवा के लिए इस मौके का उपयोग करें। हर संभव कदम जनहित में उठाएं। देश को जिम्मेदार विपक्ष की जरूरत है। लोग नारे नहीं, सार्थकता चाहते हैं, वे संसद में डिस्टर्बेंस नहीं, बल्कि चर्चा और मेहनत चाहते हैं।

हम मानते हैं कि सरकार चलाने के लिए बहुमत होता है लेकिन देश चलाने के लिए सहमति बहुत जरूरी होती है। इसलिए हमारा प्रयास सबकी सहमति और सबको साथ लेकर चलने की होगी। देश की जनता विपक्ष से अच्छे कदमों की अपेक्षा रखती है। अब तक जो निराशा मिली है, शायद 18वीं लोकसभा में विपक्ष देश के सामान्य नागरिकों की अपेक्षा पर इस बार खरा उतरेगा।



## संसद परिसर में विपक्ष का संविधान की कॉपी लेकर प्रदर्शन

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार (24 जून) से शुरू हुआ। विपक्षी सांसदों ने भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर बनाए जाने पर विरोध-प्रदर्शन किया। सांसदों ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने संविधान की कॉपी लहराई और संविधान बचाओ के नारे लगाए। विपक्षी सांसदों ने कहा कि सरकार ने नियमों के खिलाफ जाकर प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। नियम के मुताबिक, कांग्रेस के के.सुरेश को प्रोटेम स्पीकर बनाया जाना था, क्योंकि वे 8 बार के सांसद हैं। महताब तो 7 बार के ही सांसद हैं। प्रदर्शन में सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी भी शामिल हुए। राहुल गांधी ने प्रोटेस्ट के बाद कहा- प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह, जो आक्रमण संविधान पर कर रहे हैं, वो हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है। हम ये आक्रमण नहीं होने देंगे। हिंदुस्तान के संविधान को कोई शक्ति नहीं छू सकती।

खड़गे ने कहा- पीएम ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की है। संविधान को बचाने के लिए जनता हमारा साथ दे रही है। देश में फिलहाल हर लोकतांत्रिक नियम को तोड़ा जा रहा है। आज हम गांधी जी की प्रतिमा के सामने इकट्ठे हुए हैं। हम मोदी जी को बता रहे हैं कि आप संविधान के तहत चलिए।

### विपक्षी नेताओं ने क्या कहा?

**जयराम रमेश :** भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करने का फैसला सरकार ने 20 जून को लिया था। उसी दिन कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि नियमों के मुताबिक, जिस सांसद ने सबसे ज्यादा कार्यकाल पूरे किए हैं, उसे ही प्रोटेम स्पीकर बनाया जाता है। 18वीं लोकसभा में कांग्रेस के कोडिकुन्निल सुरेश और भाजपा के वीरेंद्र कुमार सबसे वरिष्ठ सांसद हैं।

**गौरव गोगई:** सत्तारूढ़ दल अपनी हेकड़ी नहीं भूला है। हम देख सकते हैं कि वे देश के प्रमुख मुद्दों की अनदेखी कर रहे हैं। अगर के.सुरेश को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया जाता तो भारत में पूरा दलित समुदाय एक ऐतिहासिक दृश्य देख सकता था। आज, भाजपा ने न सिर्फ कांग्रेस, इंडिया और के.सुरेश की ही नहीं, बल्कि पूरे दलित समुदाय की उपेक्षा की है।

**केसी वेणुगोपाल:** इंडिया गठबंधन बापू के आशीर्वाद से लोकसभा में एंट्री ले रहा है। साथ ही जनता के मुद्दों, चुनौतियों, आशाओं, आकांक्षाओं को आवाज देने और सरकार को आइना दिखाने के नए संकल्पों के साथ 18वीं लोकसभा में प्रवेश कर रहा है। हम लोकतंत्र के संरक्षक हैं। हम संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे।

**कल्याण बनर्जी :** हम इसलिए प्रोटेस्ट कर रहे हैं, क्योंकि संविधान के प्रावधानों को बदला जा रहा है। प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति से मोदी सरकार ने संवैधानिक परंपराओं को खत्म करने का काम किया है।

**सुदीप बंदोपाध्याय:** हम चाहते हैं कि संविधान सुरक्षित रहे। जब इंडिया और बांग्लादेश के बीच समझौते होते हैं, तो वे सिर्फ पश्चिम बंगाल सरकार को बुलाकर एकतरफा फैसले नहीं ले लेते। हमें 18वीं लोकसभा के पहले दिन से ही संविधान को बचाना होगा।

**सौगत रॉय:** हम संविधान को नष्ट करने के भाजपा के प्रयासों का विरोध कर रहे हैं।

**केंद्रीय मंत्री बोले-** इमरजेंसी लगाने वाले परंपराओ की बात न करें विपक्षियों के प्रदर्शन को लेकर केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि विपक्षियों को इस बार थोड़ी ज्यादा सीटें मिली हैं।

## आतिशी को डॉक्टरों ने दी एडमिट होने की सलाह, हॉस्पिटल में भर्ती होने से आप नेता ने किया इनकार




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के हिस्से के पानी की मांग को लेकर पिछले चार दिनों से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठी दिल्ली की जल मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) नेता आतिशी का मेडिकल बुलेटिन सोमवार को सामने आया। बुलेटिन के मुताबिक, लोक नायक अस्पताल से एक मेडिकल टीम भोगल में आतिशी की मेडिकल जांच के लिए आई थी। मरीज को भर्ती करने और मौखिक-सेवन के लिए परामर्श दिया गया था, लेकिन मरीज ने भर्ती होने से इनकार कर दिया। इससे पहले दिन में, आतिशी ने कहा कि वह प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों के बावजूद तब तक अपना काम जारी रखेंगी जब तक कि हरियाणा दिल्ली के पानी का उचित हिस्सा जारी नहीं कर देता। आप नेता की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल सोमवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गई। उन्होंने कहा कि मेरा रक्तचाप और शर्करा का स्तर गिर रहा है और मेरा वजन कम हो गया है।

## हरियाणा में नौकरियों में 5 नंबर का बोनस असंवैधानिक: सुप्रीम कोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में सरकारी भर्ती परीक्षा में सामाजिक-आर्थिक आधार पिछड़े उम्मीदवारों को 5 बोनस अंक दिए जाने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सोमवार को दिए फैसले में कोर्ट ने कहा- यह असंवैधानिक है। हरियाणा की खट्टर सरकार ने नौकरियों में सामाजिक व आर्थिक आधार पर पिछड़े आवेदकों को 5 बोनस अंक देने का फैसला किया था। फैसला 5 मई, 2022 से लागू किया था। इसके तहत जिस परिवार में कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में न हो और परिवार की आमदनी सालाना 1.80 लाख रुपए से कम हो, ऐसे परिवार के आवेदक को 5 अतिरिक्त अंक का लाभ मिलता है। हरियाणा सरकार ने कर्मचारी चयन आयोग के कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट में 1.80 लाख सालाना इनकम वाले परिवारों को बोनस अंक का लाभ दिया था। राज्य के परिवार पहचान पत्र वाले युवाओं को ही यह फायदा मिला।

इसे अन्य अभ्यर्थियों ने कोर्ट में चुनौती दी। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट की डबल बेंच ने 31 मई 2024 को बोनस अंक देने के फैसले को खारिज किया था। हाईकोर्ट ने कहा था- यह एक प्रकार से आरक्षण देने जैसा है। जब आर्थिक पिछड़ा वर्ग के तहत राज्य सरकार ने पहले ही आरक्षण का लाभ दिया है तो यह आर्टिफिशियल श्रेणी क्यों बनाई जा रही है। हाईकोर्ट के इसी फैसले के खिलाफ हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी। सरकार ने एग्जाम करवाने वाले हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के जरिए सुप्रीम कोर्ट में 4 पिटीशन दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से 23 हजार युवाओं को दोबारा एग्जाम देना पड़ेगा। अगर वे पास नहीं हो पाए तो नौकरी से बर्खास्त हो जाएंगे। इन्हें भर्ती वाले साल में ही नियुक्ति भी दे दी गई थी।

### 23 हजार नियुक्तियां फंसी




## नीट मामले में अब तक 25 गिरफ्तारियां : ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखी

नई दिल्ली(एजेंसी)

सीबीआई ने गुजरात और बिहार से एक-एक मामले में और राजस्थान से तीन मामलों में अपनी FIR दर्ज की है। वहीं, महाराष्ट्र के लातूर से भी एक और मामला दर्ज किए जाने की संभावना है। नीट परीक्षा के पेपर लीक की जांच में अब तक देश के 4 राज्यों से 25 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसमें बिहार से 13, झारखंड से 5, गुजरात से 5 और महाराष्ट्र से 2 शामिल हैं। महाराष्ट्र में 23 जून को नांदेड़ ATS ने लातूर के 2 टीचर संजय तुकाराम जाधव और जलील खान उमर खान पठान, नांदेड़ के इरन्ना मशनाजी कोंगलवाव और दिल्ली के गंगाधर के खिलाफ पब्लिक एग्जाम एक्ट 2024 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जाधव और पठान को रविवार देर रात गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य दो आरोपी फरार हैं।

**सीबीआई की टीम बिहार और गुजरात पहुंची**-मामले की जांच केंद्र सरकार ने सीबीआई को सौंपी है। सीबीआई की टीमें आज 24 जून को बिहार और गुजरात पहुंची है।

बिहार श्वह ने अपनी जांच रिपोर्ट सीबीआई को सौंप दी है। पटना में पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया की गिरफ्तारी के लिए श्वह्ष्ठ की 6 टीमें अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है।



मामले की जांच केंद्र सरकार ने सीबीआई को सौंपी है। सीबीआई की टीमें आज 24 जून को बिहार और गुजरात पहुंची है। बिहार श्वह ने अपनी जांच रिपोर्ट सीबीआई को सौंप दी है। पटना में पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया की गिरफ्तारी के लिए श्वह्ष्ठ की 6 टीमें अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है।

श्री त्र्यबकेश्वरायनम:
श्रीक्षेत्र त्र्यंबकेश्वर के पुरोहित
श्री. उमेश यशवंत शिखरे
चि. श्रीहरी उमेश शिखरे
मातृ पितृ छाया, गाडगे महाराज धर्मशाला के सामने
पाटील गल्ली, त्र्यंबकेश्वर, जि. नासिक
हमारे यहां कालसर्प शांति, नारायण-नागबली, त्रिपिंडी श्राद्ध अभिषेक, लघुरुद्र, जप अनुष्ठान ई. सभी और त्र्यंबकेश्वर में होने वाले सभी धार्मिक किये जाते है।
बारा ज्योतिर्लिंगोमेसे सबसे बड़ा त्र्यंबकेश्वर है। यहीपे कुंभ का मेला लगता है। गोदावरी नदी का उगमस्थान, ब्रह्मगिरी, गंगाद्वार, निलपर्वत, निवृत्तीनाथ महाराज समाधी, कुशावर्त तीर्थ आदि धार्मिक स्थल दर्शनिय है।

## सम्पादकीय

### अटल जी ने तो चला ली थी, क्या मोदी चला पाएंगे गठबंधन सरकार

18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू हो रहा है। इस बार की लोकसभा थोड़ी बदली-सी नजर आई है। पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में पहली बार भाजपा बहुमत से नीचे सिमट गई है। सहयोगी दलों को मिलाकर भी संख्या 293 ही पहुंची है। दूसरी तरफ विपक्ष इस बार 234 सीटों के साथ काफी मजबूत है। लोकसभा में इस बार नेता प्रतिपक्ष भी होगा। यानी इस बार लोकसभा में सरकार की वैसी धमक नहीं रहेगी, जैसी पिछले दो कार्यकाल में थी। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के बाद अब पहली बार है जबकि मोदी असली में गठबंधन की सरकार चलाएंगे।

हालांकि अब तक भी एनडीए की सरकार चलती आ रही है लेकिन भाजपा को कोई दिक्कत नहीं थी क्योंकि वह 2014 से ही बहुमत का आंकड़ा 272 से अधिक सीटें ला रही है। जैसी की मोदी और शाह की आदत है कि वे कभी दबाव में काम करना पसन्द नहीं करते हैं, ऐसे में लगता है कि इस बार सरकार में आए दिन रोचक मामले देखने को मिल सकते हैं। संसद में ही कोई भी बिल लाया जाता है। आर्डनरी या साधारण बिलों को सांसद या मंत्री पेश करते हैं। बिल को संसद के किसी भी सदन में पेश किया जा सकता है। सांसद बिल पर अपनी राय रखते हैं। बहस के बाद वोटिंग होती है। वोटिंग के समय सामान्य बहुमत से बिल पारित हो जाता है। सदन में जितने भी सांसद मौजूद होते हैं, उनका आधे से एक वोट ज्यादा को साधारण बहुमत कहते हैं। इनमें फिलहाल मोदी सरकार को कोई दिक्कत नहीं है, क्योंकि उनके गठबंधन में बहुमत के 272 से ज्यादा सांसद हैं। अनुच्छेद 110(3) के मुताबिक किसी विधेयक को धन विधेयक मानने या न मानने का अंतिम निर्णय लोकसभा स्पीकर पर होता है। उसके फैसले को चैलेंज नहीं किया जा सकता। वोटिंग के समय सामान्य बहुमत से बिल पारित हो जाता है।

संविधान संशोधन विधेयक से संविधान के किसी भी प्रावधान को बदला जाता है। दोनों सदनों में पारित होना चाहिए। दोनों सदनों में प्रत्येक सदस्यों की कुल संख्या के बहुमत और उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत से पारित किया जाना चाहिए। यदि संविधान के कुछ विशेष प्रावधानों जैसे संघवाद, न्यायपालिका की स्वतंत्रता आदि में संशोधन का प्रावधान हो, तो इसे पास करने के बाद आधे से अधिक राज्यों की विधानसभाओं का भी समर्थन जरूरी है। दोनों सदनों में पारित होने के बाद राष्ट्रपति के लिए मंजूरी के लिए भेजा जाता है।

इन बिलों के पारित होने में काफी दिक्कत मोदी सरकार को होने वाली है। भाजपा जिन वादों को करके सत्ता में आई थी, उनके विपरीत उसके सहयोगी दल कई वादों पर सहमत नहीं है। ऐसे में एकराय बनना काफी मुश्किल नजर आ रहा है। विपक्ष भी इस बार मजबूत स्थिति में है तो हंगामा तो काफी होना तय है। पहले ही दिन जिस प्रकार शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की शपथ में शैम-शैम के नारे लगे, उससे विपक्ष ने जता दिया है कि वह इस बार शांत बैठने वालों में या दबाव में आने वालों में नहीं रहेगा।

# लोकसभा के सत्र नई उम्मीदों को पंख लगाये

**संसद राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था है। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है। यदि वहां भी शालीनता, मर्यादा एवं सभ्यता का भंग होता है तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के गौरव का आहत होना निश्चित है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद भारत की संसद यदि सभ्य एवं शालीन दिखाई न दे तो ये स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण ही कही जायेगी। एक बार फिर ऐसी ही त्रासद स्थितियों से रू-ब-रू होने की स्थितियां बनना एक चिन्तनीय प्रश्न है। संसद की सार्थकता केवल इसमें नहीं है कि वहां विभिन्न मुद्दे उठाए जाएं बल्कि इसमें है कि उन पर गंभीर एवं शालीन तरीके से चर्चा होकर राष्ट्रहित में प्रभावी निर्णय लिये जाये। दुर्भाग्य से संसद में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर ऐसी कोई चर्चा कठिनाई से ही होती है जिससे देश को कोई दिशा मिल सके और समस्याओं के समाधान खोजे जा सके। उचित यह होगा कि संसद में दोनों ही पक्ष संसदीय कार्यवाही के जरिये एक उदाहरण पेश करें, नयी संभावनाओं एवं सौहार्द का वातावरण बनाते हुए नई उम्मीदों एवं संकल्पों के सत्र के रूप में इस सत्र एवं आगे के सत्रों का संचालन होने दें।**

ललित गर्ग



अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू चुका है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। तीन जुलाई तक दस दिन के लिये चलने वाले इस सत्र में दो दिन नए सांसदों को शपथ दिलाई जायेगी। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। लोकसभा सत्र में विपक्ष इस बार अपनी बढ़ी हुई शक्ति का एहसास कराते हुए आक्रामक होने से नहीं चूकेगा। यही वजह है विपक्ष ने सत्र से पहले परीक्षा में गड़बड़ी, अग्निवीर व प्रोटेम स्पीकर जैसे मुद्दों को लेकर आक्रामक रुख दिखाने की रणनीति बनाई है। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में भी सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिशें होती हुई दिख रही है। वैसे भी वह पहले ही सत्ता पक्ष के गठबंधन के सहयोगियों को लोकसभा अध्यक्ष पद की मांग के लिए उकसाने में लगा हुआ है एवं वहीं स्वयं के लिये लोकसभा के उपाध्यक्ष पद की मांग कर रहा है। विपक्ष ने प्रोटेम अध्यक्ष की नियुक्ति के अलावा नीट-यूजी पेपर लीक व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्थगित होने के मामले में सरकार को घेरने एवं संसदीय कार्रवाई को बाधित करने की रणनीति बनाई है, जिससे पहले दिन ही हंगामे के परिदृश्य देखने को मिल रहे हैं। बेहतर संख्या बल के चलते विपक्ष का उत्साहित होना स्वाभाविक है और उसके नेताओं की ओर से विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में भी कुछ अनुचित नहीं, लेकिन इस तैयारी के नाम पर संसद में हंगामा और शोरशराबा करके ऐसी परिस्थितियां नहीं पैदा की जानी चाहिए जिससे संसद चलने ही न पाए। एक लंबे समय से यह देखने में आ रहा है कि विभिन्न मुद्दों पर सरकार से जवाबदेही के नाम पर विपक्ष संसद में हंगामा और अव्यवस्था पैदा करना उचित समझता आ रहा है, उसके तेवर इस बार ज्यादा ही उग्र एवं उत्तेजिक दिख रहे हैं, जो संसदीय परम्परा के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद चाहे जिस दल के हो, उनसे शालीन एवं सभ्य व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। लेकिन सांसद अपने दूषित एवं दुर्जन व्यवहार से संसद को शर्मसार करते हैं तो यह लोकतंत्र के सर्वोच्च मन्दिर की गरिमा के प्रतिकूल है। अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र को लेकर उत्सुकता एवं कुतूहल का वातावरण पक्ष-विपक्ष के नवनिर्वाचित सांसदों में ही नहीं, बल्कि आम जनता में भी है। गठबंधन की स्थितियों के कारण यह लोकसभा पिछली लोकसभा से भिन्न होगी। इस बार विपक्ष का संख्या बल कहीं अधिक है और सत्तापक्ष गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहा है। यद्यपि यह गठबंधन सरकार अतीत की गठबंधन सरकारों से भिन्न है, क्योंकि उसका नेतृत्व करने वाला दल यानी भाजपा बहुमत से कुछ ही पीछे है। इसके बावजूद संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिल सकता है। इस टकराव के आसार भी उभर आए हैं, क्योंकि विपक्ष को प्रोटेम स्पीकर के नाम पर आपत्ति है। विपक्षी इंडिया गठबंधन की मानसिकता संसदीय सत्रों में देश-विकास की योजनाओं पर निर्णय में सहभागिता से अधिक सत्ता पक्ष को घेरने एवं सरकार के कामकाज को बाधिक करने की ही अधिक दिखाई दे रही है। यह निश्चित है कि सार्वजनिक जीवन में सभी एक विचारधारा, एक शैली व एक स्वभाव के व्यक्ति नहीं होते। अतः आवश्यकता है दायित्व के प्रति ईमानदारी के साथ-साथ आपसी तालमेल व एक-दूसरे के प्रति गहरी समझ एवं सौहार्द भावना की। जनता के विश्वास पर खरे उतरते हुए नये भारत-सशक्त भारत को निर्मित करने की। राजनीतिक दल द्वंद्व, एक दूसरे की आलोचना एवं विरोध की स्थितियां चुनाव के मैदान तक सीमित करें, उन्हें संसद तक न लाये। संसद में तो सभी दल मिलकर राष्ट्र-निर्माण का काम करें। एक सांसद के साथ दूसरा सांसद जुड़े तो लगे मानो स्वेटर की डिजाईन में कोई रंग डाला हो। सेवा एवं जनप्रतिनिधित्व का क्षेत्र मोजॉयक है, जहां हर रंग, हर दाना विविधता में एकता का प्रतिक्षण बोध करवाता है। अगर हम सांसदों में आदर्श स्थापित करने के लिए उसकी जुझारू चेतना को विकसित कर सकें तो निश्चय ही आदर्शविहिन असंतुष्टों की पंक्ति को छोटा कर सकेंगे और ऐसा करके ही संसद को गरिमापूर्ण मंच बना पायेंगे।

नरेन्द्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटे हैं। मोदी का लोकसभा सदस्य एवं प्रधानमंत्री के रूप में यह तीसरा कार्यकाल है। उन्होंने वाराणसी सीट बरकरार रखी, जिसे वे 2014 से जीतते आ रहे हैं। पहली बार नए संसद भवन में शपथग्रहण हुआ। भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसा दूसरी बार है कि जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार शासन करने का अवसर दिया है। ये मौका 60 साल बाद आया है। अगर जनता ने ऐसा फैसला किया है तो उसने सरकार की नियत पर मुहर लगाई है। उसकी नीतियों पर मुहर लगाई है। जनता के फैसले का स्वागत होना चाहिए, लेकिन ऐसा न होना संसद के साथ-साथ भारत के लिये परेशानी का कारण है। आज भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ अपनी स्वतंत्र पहचान बनाने की ओर गतिशील है। भारत की बात दुनिया बड़ी ध्यान से सुनती है, वही दुश्मन देश भारत पर तिरछी नजर डालने से पहले सौ बार सोचते हैं, यह भारत की बड़ी ताकत का द्योतक है, जिसे पक्ष एवं विपक्ष मिलकर सहेजे और नये आयाम उद्घाटित करें।

इन विषयों पर गंभीर चिन्तन-मंथन की संसद के पटल पर अपेक्षा है। जबकि निश्चित ही छोटी-छोटी बातों पर अभद्र एवं अशालीन शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि घटनाओं का संसद के पटल पर होना दुखद, त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण है। इससे संसद की गरिमा एवं मर्यादा को गहरा आघात लगता है। यह सिलसिला बंद होना चाहिए। जहां विपक्ष का यह दायित्व है कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर सरकार से जवाब तलब करे वहीं सत्तापक्ष की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार रहे। यदि ऐसा नहीं होता तो यह निराशाजनक ही होगा। राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रास हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर देते हैं। इस तरह से जन्मे हर स्तर के अशालीन एवं असभ्य व्यवहार से राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा होती है, संसद को ही दूषित कर दिया जाता है, अठारहवीं लोकसभा के सभी सत्र इस त्रासदी से मुक्त हो, यह अपेक्षित है। विपक्षी सांसदों की यह कैसी त्रासद मानसिकता है कि वे सब चाहते हैं कि हम आलोचना करें पर काम नहीं करें। हम गलतियां निकालें पर दायित्व स्वीकार नहीं करें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**वृष**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**मिथुन**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**कर्क**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

**सिंह**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**कन्या**
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**तुला**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**वृश्चिक**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**धनु**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी। आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे।

**मकर**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**मीन**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें।

## शख्सियत



प्रदीप लखावत
( जेल अधीक्षक,जोधपुर )

नमस्कार आज के शख्सियत कॉलम के हमारे हीरो हैं राजस्थान कारागार विभाग के अधिकारी प्रदीप लखावत सन 1986 में राजस्थान के नागौर जिले में जन्मे प्रदीप लखावत बहुत बेहतरीन जेल अधीक्षक के रूप में जाने जाते हैं। बीएड.एमए राजनीति विज्ञान करने के बाद इनका प्रथम चयन सेकंड ग्रेड अध्यापक के रूप में हुआ पर इन्होंने ज्वाइन नहीं किया। फिर द्वितीय चयन इनका सहकारी निरीक्षक कोऑपरेटिव में हुआ। आरएएस-2010 भर्ती में 2011 में ज्वाइन किया और ट्रेनिंग की जेल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट अजमेर 2012-13 में इसके बाद ये जिला कारागार अजमेर उच्च सुरक्षा कारागार अजमेर(दो बार लगाए गए) जिला जेल नागौर, अजमेर दो बार रहे,जिला जेल सिरोही, कारागार प्रशिक्षण संस्थान अजमेर, केंद्रीय कारागृह अलवर रहे जहां इन्होंने बंदियों के मानसिक व व्यवारिक सुधार के लिए प्रभावी कार्रवाही की। फिलहाल केंद्रीय कारागृह जोधपुर में जेल अधीक्षक पद को सुशोभित कर रहे हैं। 13 वर्ष का राजकीय सेवा के इनके सेवाकाल में विभागीय भर्ती, पदोन्नति परीक्षा तथा प्रशिक्षण का अनुभव बहुत बेहतरीन है। इनका मुख्य फोकस हार्डकोर बंदियों पर प्रभावी नियंत्रण व आपराधिक तथ्यों पर रोक रही है। दो बार राज्य की सबसे खतरनाक जेल उच्च सुरक्षा कारागृह अजमेर पर पद स्थापित व सफल संचालन रहा कुख्यात जेल प्रतापगढ़ पर अपराध नियंत्रण के प्रभावी कार्य हेतु वर्ष 2021 में डीजी डिस्क पदक से सम्मान दिया गया। केंद्रीय कारागार अलवर में कार्यकाल में जेल विभाग के नवाचार पेट्रोल पंप की स्थापना व सफल संचालन व पद स्थापना के दौरान बंदियों में कौशल विकास सुधार व पुनर्स्थापना पर सुधारात्मक कार्यों पर फोकस किया गया। विभागीय एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रत्येक पद स्थापना पर निरीक्षण पर सराहनीय कार्य हेतु प्रशंसा पत्र व अर्ध शासकीय पत्र भी इन्हें दिया गया। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिन्द**

## आज का इतिहास

### 25 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मुगल शासक बाबर 529 में बंगाल पर विजय प्राप्त कर अपनी राजधानी आगरा लौटा।
- वर्जीनिया 1788 में अमेरिका के संविधान को अपनाने वाला 10वां राज्य बना।
- अमेरिका के राष्ट्रपति एंड्रयू जॉनसन ने 1868 में सरकारी कर्मचारियों के लिये दिन में आठ घंटे काम करने का कानून पारित किया।
- बाबा सोहन सिंह की अध्यक्षता में गदर पार्टी का गठन 1913 में हुआ।
- भारतीय क्रिकेट टीम ने 1932 में ब्रिटेन के लॉर्ड्स मैदान पर अपना पहला टेस्ट मैच खेला।
- जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर ने 1940 में पेरिस, फ्रांस में नेपोलियन की कब्र और एफिल टॉवर देखा।
- फिनलैंड ने 1941 में सोवियत संघ पर हमले की घोषणा की।
- एन फ्रैंक की डायरी ऑफ ए यंग गर्ल 1947 को आज ही के दिन प्रकाशित हुई थी। इसकी 3 करोड़ प्रतियां बिकी और 67 भाषाओं में अनुवादित हुई।
- कोरियाई गृहयुद्ध 1950 में आरंभ हुआ। आजादी की लड़ाई लड़ रहे उत्तरी और दक्षिण कोरिया के बीच शुरु हुए इस गृह युद्ध ने बाद में अंतरराष्ट्रीय शीतयुद्ध का रूप ले लिया।
- अमेरिकी टेलीविजन एवं रेडियो नेटवर्क सीबीएस ने 1951 में न्यूयार्क से चार शहरों में पहले रंगीन टीवी प्रोग्राम का प्रसारण किया।
- मेडागास्कर 1960 में फ्रांस से स्वतंत्र हुआ।
- इराक ने 1961 में घोषणा की कि कुवैत इराक का हिस्सा है।
- इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की सलाह पर भारत के राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने 1975 को देश में आपातकाल लगाने की घोषणा की थी।
- भारत ने 1983 वेस्टइंडीज को 43 रनों से हरा कर पहली बार क्रिकेट विश्व कप का खिताब अपने नाम किया।
- किम कैंपबेल 1993 में कनाडा की 19वीं प्रधानमंत्री बनीं।
- जापान के प्रधानमंत्री सुतोमु हाता ने 1994 में अपने पद से इस्तीफा दिया।
- आपातकाल की बरसी 1977 में 25 जून को 'काला दिवस' के रुप में मनाया जाता है।
- सं.रा. अमेरिका के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन 1998 में 9 दिन की यात्रा पर चीन पहुँचे।
- संयुक्त राज्य अमेरीका द्वारा युगोस्लावियाई राष्ट्रपति स्लोबोदान मिलोसेविच की गिरफ़्तारी की सूचना देने पर 50 लाख डालर के इनाम की घोषणा 1999 में की।
- अफ़ग़ानिस्तान में नये मंत्रिमंडल ने 2002 में शपथ ग्रहण किया।
- रूस द्वारा भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने का निर्णय 2004 में लिया।
- अहमदी नेजाद 2005 में ईरान के राष्ट्रपति बने।
- ईरान के राष्ट्रपति चुनावों में अति कट्टरपंथी माने जाने वाले महमूद अहमदी नेजाद की जीत की घोषणा भी 25 जून को 2005 में ही हुई थी।
- उत्तर प्रदेश सरकार ने 2008 में मकान व प्लाट की रजिस्ट्री सस्ती कर उस पर लगने वाला स्टाम्प शुल्क 8% से घटाकर 5% कर दिया।
- लुईस सुआरेज पर फीफा 2014 में विश्वकप के दौरान विपक्षी टीम के खिलाड़ी को दांत से काटने का आरोप लगा।
- श्रीकान्त ने 2017 में ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर सीरीज़ का खिताब जीता।

विशेष आलेख

# बीज बो दिया तो उगेगा जरूर..आज नहीं तो कल उगेगा



मैं कोई बारिश में बीज लगाकर पेड़ उगाए जाने के लिए पेरित नहीं कर रहा हूं। ना ही पर्यावरण की रक्षा के लिए आप लोगों को समझा रहा हूं। मैं तो एक कहानी के माध्यम से समाज में बनाई और चलाई जा रही कुरूतियों पर तंज कस रहा हूं। कहानी केरल की बताई जाती है। एक बालक की ये कहानी है जिसने मात्र दो साल की उम्र में अपने पिता को खो दिया। जब बालक 6 साल का था तो मां चल बसी। अब ये बताने की बात नहीं जो बच्चा 6 साल में अनाथ हो जाए उसका जीवन किस तरह से बीतता है। ताऊ चाचा अधिकतर जैसी परवरिश करते हैं ठीक ऐसी ही परवरिश हुई जोकि एक बालक को इंसान बनाने के लिए नाकाफी थी। बच्चा धीरे-धीरे बड़ा हुआ वह नशे की गिरफ्त में रहने लगा। बड़ा हुआ तो अपराध की दुनिया में चला गया। काफी धन एकत्र भी कर लिया लेकिन उसे सकून ना था क्योंकि बचपन से ही निराशा,हार,व्यथा,दुर्दशा,दुःख और भय के माहौल में जीया। ऐसे में परम शान्ति,भाव,आनन्द और खुशी कहां मिलती। जब वो 34 साल का हुआ तो जंगल के एक महात्मा के पास जाने का विचार मन में आया। उन महात्मा के बारे में काफी सुना हुआ था कि वो परम ज्ञानी और पहुँचें हुए हैं। ऐसे में वो युवक जंगल में जा पहुँचा जहां हिंसक जानवर वास करते थे। भयावह



जंगल के अंदर जाकर देखा तो महात्मा पेड की छांव में झाडियों से ढके हुए साधना में तल्लीन थे। कहते हैं ना कि संत का साथ ही काफी है,युवक संत की सेवा में लग गया। कई दिनों पर उन पर छाई हुई झाड़ियों को हटाया उनकी पत्तों की पंखी बनाकर हवा करने लगा ताकि मख्खी-मच्छर से संत को परेशानी ना हो। एक दिन आखिर संत की आँखे खुली तो उन्होंने देखा एक युवक उनकी सेवा करने में लगा हुआ है। संत बोले तुम्हे डर नहीं लगा यहां आते हुए इस जंगल में हिंसक जानवर भी हैं तो युवक बोला महाराज जी मैं जिस स्थिती में पला बड़ा हूं वहां डर का जीवन भर सामना किया इसलिए डरा नहीं। संत ने आने का कारण पूछा तो युवक बोला कि मैं जानना चाहता हूं कि मेरा अपराध क्या है जो मुझे ऐसा अनाथ जीवन जीना पड़ा,आज मेरे पास सबकुछ है लेकिन फिर भी मैं प्रसन्न नहीं हूं। संत सच में पहुँचवान थे उन्होंने अपनी योगिक क्रियाओं के बल पर बताया कि बेटा गत जन्म में तुमने अपने माता-पिता का ख्याल नहीं रखा उन्हे बुढापे में अनाथ की तरह छोड दिया इसलिए इस जन्म में तुम अनाथ हुए हो। दोस्तों सच कहा संत ने बीज यदि बोया है तो उगेगा जरूर..

हम दूसरों का धन हड़प कर,दूसरों को दुःख देकर,दूसरों की बुराई करके,दूसरों को अपमानित करके कितने भी खुश हो लें एक दिन यहीं बोया हुआ बीज हमें अंकुरित होते दिखाई देता है। वैसे भी प्रकृति का चक्र भी यही है यहां जिसकी कद्र नहीं की जाती अगली बार उसी के लिए व्यक्ति तरस जाता है। जन्मों का तो पता नहीं तीन महीने पहले ही पाईप लेकर नालियां,सड़क और चबुतरे को धाते उन लोगों को ही पानी के लिए मारे-मारे फिरते देखा है मैंने। पर इंसान बड़ा ही कलाकार है खुद के दुःख-दर्द और परेशानी को ईश्वर द्वारा ली जाने वाली परीक्षा का नाम देता है जबकि पडौसी के दुःख-दर्द और परेशानी उसके बुरे कर्मो का फल मानता है। यहां ईश्वर का नियम भी यहीं है जो संसार में दोगे लौटकर आऐगा फिर चाहे पुण्य हो या फिर पाप।

**रूपक शर्मा**
**वरिष्ठ पत्रकार,बढ़ता राजस्थान**

# कार-मिनी ट्रक में भिड़न्त, मासूम समेत दो की मौत

## चौथ माता के दर्शन कर लौटते समय हादसा, मची चीख-पुकार,15 लोग घायल

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** टोंक जिले के सोप थाना इलाके में रविवार देर शाम एक मिनी ट्रक और क्रूजर कार में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 2 साल के एक मासूम समेत दो जनों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए। क्रूजर कार में सवार सभी लोग सवाई माधोपुर जिले में स्थित चौथ का बरवाड़ा में माताजी के दर्शन कर लौट रहे थे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीन-चार घायल तो कार में ही फंस गए। टक्कर से हुए धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़कर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और कार में फंसे घायलों को निकालने के लिए क्रेन मंगवाई गई। कार में फंसे तीन-चार घायलों को करीब आधे घंटे में बाहर निकाला गया और अलीगढ़ अस्पताल



भेजा गया। यहां से 15 घायलों को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया।

जहां 2 साल के मासूम कार्तिक ने दम तोड़ दिया। वहीं सोनू शर्मा उर्फ़ देवेंदे शर्मा की इलाज के दौरान जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में सोमवार सुबह मौत हो गई। उधर हादसे की सूचना घायलों और मृतक के परिजनों को मिली तो वे रविवार देर रात को कार और बसों में सवार होकर टोंक अस्पताल पहुंचे। यहां उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने सोमवार सुबह मृतक मासूम कार्तिक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।



**सोप थाने से डेढ़ किमी दूर हुआ हादसा :** सोप थाने केए एसआई सुखलाल ने बताया कि कोटा जिले के अयाना, लुहावद, इटावा, खातोली के रहने वाले 17 परिचित, रिश्तेदार एक क्रूजर कार में सवार होकर रविवार अलसुबह सवाई माधोपुर जिले में चौथ का बरवाड़ा में माताजी के दर्शन करने गए थे। जहां दिन भर रुक कर शाम करीब 5 बजे रवाना हुए थे। इनकी कार रविवार देर शाम करीब 7 बजे सोप थाने से करीब डेढ़ किमी दूर कोटा की ओर रहीमनगर के पास सामने से रहे मिनी ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार में तीन-चार लोग फंस गए। उन्हे निकलने के लिए क्रेन मंगानी पड़ी।

### घायलों में 9 महिलाएं शामिल

घायलों में एम पी समेत कोटा, बारां और झालावाड़ जिले के लोग है। ये आपस में रिश्तेदार और परिचित है। कार में कुल 17 लोग सवार थे। वहीं घायलों में 9 महिलाएं, 1 बच्चा और कार ड्राइवर समेत 7 पुरुष थे।

### ये लोग हुए घायल

कार में सवार पवन शर्मा (33) पुत्र बाबूलाल शर्मा, सोनू शर्मा (36) पुत्र बाबूलाल शर्मा, कविता (21) पत्नी पवन शर्मा, लोकेश (22) पुत्र रामप्रताप शर्मा निवासी गणेश गंज थाना इटावा जिला कोटा, उर्मिला (40) पत्नी पप्पूलाल शर्मा निवासी पाडली समेत कार्तिक (2) पुत्र दिनेश शर्मा, कान्हा पुत्र गिर्राज शर्मा निवासी इटावा, वंश शर्मा (12) पुत्र देवेन्द्र शर्मा निवासी इटावा जिला कोटा घायल हो गए। इसी तरह महेश पुत्र मोहन लाल मीना, कमला (65) पत्नी बाबूलाल शर्मा निवासी अयाना जिला कोटा, वीणा (35) पत्नी देवेन्द्र शर्मा निवासी लुबाबन्द जिला कोटा, गिर्राज (30) पुत्र रामचरण शर्मा निवासी इटावा जिला कोटा, पप्पूलाल (50) पुत्र रामगोपाल शर्मा निवासी पाडली थाना बड़ोदा जिला श्योपुर मध्यप्रदेश, कल्पना (35) पत्नी लोकेश शर्मा निवासी नुकर थाना गणेशगंज जिला झालावाड़, सुनिता (40) पत्नी राजेन्द्र शर्मा निवासी वार्ड नंबर 25, बारां थाना कोतवाली बारां, शालू (36) पत्नी गिर्राज शर्मा निवासी इटावा थाना इटावा जिला कोटा, मुस्कान (22) पत्नी लोकेश शर्मा निवासी गणेशगंज थाना इटावा जिला कोटा घायल हो गए। इनमें से कार्तिक की इलाज के दौरान टोंक अस्पताल में रविवार मध्य रात को मौत हो गई। वहीं जयपुर रैफर किए गए सोनू ने भी इलाज के दौरान जयपुर में सोमवार सुबह दम तोड़ दिया।

24 घंटे संचालित शीतल जल प्याऊ का समारोह पूर्वक हुआ शुभारंभ

## आमजन को मिलेगा ठंडा एवं शीतल पेयजल : दिलीप इसरानी



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** भीषण गर्मी से राहगीरों को प्यास बुझाने के लिए अहिंसा सर्किल पर गांधी पार्क के बाहर मुख्य सड़क मार्ग पर भामाशाह रजत गोयल परिवार द्वारा आमजन के लिए शीतल जल प्याऊ संचालित की गई। जिसका शुभारम्भ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगरपालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी एवं डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने फीता काटकर किया। पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने गोयल परिवार के इस जनपयोगी कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में आमजन को ठंडा एवं शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके इसके लिए शीतल जल प्याऊ संचालित की गई है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल में पानी की कमी को देखते हुए जल का अपव्यय नहीं करें। जितनी आवश्यकता है उतना ही जल का उपयोग करें। डीवाईएसपी मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के जनहित के कार्यों को भामाशाह परिवारों द्वारा सदैव संचालित करते रहना चाहिए।

ऐसे कार्यो से इस भव व परभव में पुण्य लाभ प्राप्त होगा। प्रमुख समाजसेवी व पार्षद नितिन छाबडा ने बताया कि गर्मी के मौसम में रजत गोयल परिवार द्वारा 24 घंटे संचालित शीतल जल प्याऊ से राहगीरों सहित आमजन को राहत मिलेगी। समारोह में थानाधिकारी हरिराम वर्मा, पार्षद शंकर घाटी, त्रिलोक रजवास, अभिषेक छाबडा, संजय पारीक, प्रेम इसरानी, हेमराज माली व प्रेम सैनी सहित कई पुलिसकर्मी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

# प्रवेशोत्सव के प्रथम दिन ही उमड़े प्रवेशार्थी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग कें आदेशानुसार प्रवेशोत्सव के प्रथम दिन ही भारी संख्या में प्रवेशार्थी उमड़े। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की पहचान केवल उपखण्ड या जिले में नहीं अपितु समूचे प्रदेश भर में श्रेष्ठ सरकारी विद्यालयो की शुमार में है। यह विद्यालय काफी पुराना है लेकिन समय समय पर हुए इसके विकास , कक्षा कक्षो सहित अन्य सुविधाओं का निर्माण सहित विद्यालय प्रशासन द्वारा अध्ययन के प्रति अधिक ध्यान देने के चलते इस विद्यालय में हर वर्ष प्रवेश के समय भारी संख्या में प्रवेशार्थी आते हैं। प्राय: देखने में आया है कि इस विद्यालय में जब से प्रधानाचार्य कें पद पर गिरधर सिंह आए हैं यह सरकारी



विद्यालय हर क्षेत्र में काफी विकास कर रहा है। मालपुरा क्षेत्र का युवा उच्च प्राथमिक विद्या पूर्ण करने के बाद हर हाल में इस विद्यालय में प्रवेश लेने को इच्छुक रहता है। यही कारण है कि हर वर्ष प्रवेशोत्सव के साथ ही भारी संख्या में युवा प्रवेश के लिए आते हैं। ऐसा ही इस बार भी हुआ है। प्रधानाचार्य गिरधर सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग कें निर्देशानुसार सोमवार से विद्यालय में प्रवेशोत्सव का शुभारम्भ हुआ है।

इस विद्यालय की शिक्षा सहित अन्य शैक्षिक व सह शैक्षिक गतिविधियो की दृष्टि से अलग पहचान है। यह विद्यालय शैक्षिक च भौगोलिक दृष्टि से परिपूर्ण होने के चलते समूचे प्रदेश भर में इस विद्यालय की अलग पहचान होने के साथ साथ श्रेष्ठ विद्यालयो की श्रेणी में माना जाता है। विद्यालय की साख अच्छी होने के चलते क्षैत्र के युवाओं की पहली चाहत प्रवेश लेने की दृष्टि से यह विद्यालय रहता है। सोमवार को कई विद्यार्थी आए और प्रवेश के आवेदन लिए। जिसके कारण एक बार तो लम्बी कतार भी लगी। आने वाले सभी विद्यार्थियो को विद्यालय प्रशासन की ओर से प्रवेश के आवेदन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

प्राप्त आवेदनो की प्रवेश के लिए गठित जांच करेगी और विद्यालय के प्रवेश के लिए निर्धारित मापदण्ड पूरे करने वालो को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी।

# जिले में पर्यटन विकास के कार्यों में तेजी लाएं : डॉ. सौम्या झा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** टोंक जिले में पर्यटन विकास को गति देने के लिए सोमवार को जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में टोंक जिले के पर्यटन विकास को लेकर जिला कलेक्टर के समक्ष बिंदुवार चर्चा की गई। पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक मधुसूदन ने बताया कि बीसलपुर बांध को आकर्षक पर्यटन स्थल बनाने के मुख्यमंत्री बजट घोषणा में मिनी गोवा व जिप लाइन के कार्य को प्रारंभ कराया जाना है। जिला कलेक्टर ने कार्यकारी एजेंसी वन विभाग एवं जल संसाधन विभाग (ईआरसीपी को बनाया) को टेंडर प्रक्रिया पूरी कर आगामी 15 दिन में कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। देवली के धुंवा कलां में संत धन्ना भगत के पैनोरमा को जुलाई माह में विधिवत रूप से शुरू करने के लिए उपखंड अधिकारी देवली दुर्गा प्रसाद मीणा को रूपरेखा बनाने के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी के तहत सवाई माधोपुर में आयोजित शिल्प ग्राम में टोंक के नमदा



व कालीन तथा राजीविका का उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला उद्योग के महाप्रबंधक सुल्तान सिंह मीणा को निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने नगरफोर्ट, मांडकला के विकास कार्य पर चर्चा के दौरान कार्यकारी एजेंसी सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी को ट्रेक व प्लांटेशन के कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने उपखंड निवाई में भगवान देवनारायण के पैनोरमा के निर्माण प्रगति को लेकर उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार हरसोलिया से जानकारी ली। पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक ने बताया कि डिग्गी कल्याण जी मंदिर के विकास एवं जीर्णोद्वार के लिए 3 करोड़ रुपये से अधिक की मुख्यमंत्री बजट घोषणा की गई थी। इस कार्य को भी गति देने की आवश्यकता है।

इसके अतिरिक्त पर्यटन स्थल हाथी भाटा पर आधारभूत सुविधाओं जैसे साफ-सफाई, पर्यटकों के लिए शौचालय, पेयजल एवं बैठने की व्यवस्था के लिए जिला कलेक्टर ने पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग से आए अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने वन विभाग को रसिया की छतरी एवं लव कुश वाटिका के मध्य ट्रैक बनाने एवं साइन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही, पक्का बंधा के क्षेत्र को आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए नगर परिषद एवं उपखंड अधिकारी को विजिट कर संभावनाओं को तलाशने के लिए कहा। बैठक में उपखंड अधिकारी उनियारा त्रिलोकचंद मीणा, एसडीओ देवली एसडीओ टोंक राहुल सैनी, एएसीएफ हृदय सुमन शेखावत एवं नगर परिषद आयुक्त ममता नागर समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# 5 हजार 300 किलो चंदन की लकड़ियों से भरा मिनी ट्रक पकड़ा, मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** बरोनी पुलिस ने पूछताछ के बाद 5 हजार 300 किलो सफेद चंदन की लकडियों से भरे मिनी ट्रक को जब्त कर वन अधिनियम और धारा 420 के अन्तर्गत मामला दर्ज किया है। बरोनी थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि गुजरात के मेहसाणा से मिनी ट्रक में सफेद चंदन की लकडी भरकर उत्तरप्रदेश के कनौज लेकर जा रहे थे। ट्रक को नाकाबंदी के दौरान रुकवाया गया और चंदन लेकर जा रहे नितेश आदिवासी, जयपाल आदिवासी और ट्रक चालक देवेश कुमार से पूछताछ की गई। लकडी का अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मूल्य 16 हजार 500 रुपए प्रति किलो है। जिससे जब्त चंदन की कीमत 8 करोड 74 लाख 50 हजार रुपए



आंकी गई है। जब्त चंदन को ट्रक से उतारकर थाने में सुरक्षित रखवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने नितेश, जयपाल और देवेश कुमार को पूछताछ के बाद नोटिस देकर छोड दिया गया है। पुलिस जांच में जुट गई है। जांच में पुलिस वन विभाग और जीएसटी विभाग के अधिकारियों से विभिन्न प्रकार की जानकारी भी ले रही है। सफेद चंदन की लकडियों से भरे ट्रक को जब्त करने के मामले में पुलिस के आलाधिकारी भी नजर बनाए हुए हैं। बरोनी थाना पुलिस की सूचना पर मानपुरा थाने में भी जब्त चंदन से भरे एक ट्रक को पकडा है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार जांच कर मामले के खुलासे के प्रयास में लगी है।

एसडीएम की अध्यक्षता में उपखंड स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

## वृक्षारोपण अभियान में संबंधित विभाग के अधिकारी अधिकाधिक वृक्षारोपण करना सुनिश्चित करें : राहुल सैनी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** उपखंड स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन एसडीएम राहुल सैनी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उपखंड अधिकारी ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से उनके विभागवार प्रगति रिपोर्ट के संबंध में समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि व अपने-अपने विभाग से संबंधित जनसुनवाई, संपर्क पोर्टल एवं सतर्कता तथा विभिन्न आयोगों से प्राप्त प्रकरणों का तय समय में निस्तारण करें, जिससे परिवादी को राहत मिल सके। उन्होंने मानसून से पूर्व टोक शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित बड़े एवं छोटे नालों से अतिक्रमण हटाने एवं सफाई के लिए नगर परिषद आयुक्त एवं पंचायत समिति की



विकास अधिकारी को निर्देशित किया। गर्मी के मौसम को देखते हुए बिजली एवं पानी की समस्या के समाधान के लिए जेवीवीएनएल, पीएचईडी तथा आरयूआईडीपी टोंक को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि टोंक उपखंड में वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित विभाग अपने लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण करवाया जाना सुनिश्चित करें।

# सभी ग्रंथों का सार है अणभै वाणी


## स्वामी रामचरण महाप्रभु के रचित ग्रंथ अणभै वाणी के पाठ शुरु

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू ( नि.स. )।** श्रीचारभुजानाथ मंदिर समीप हरिकल्याण भवन में चार दिवसीय अणभै वाणी पाठ सोमवार को विधिवत पूजा अर्चना एवं आरती के साथ शुरु हुए। मास्टर रामनारायण विजयवर्गीय ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आद्याचार्य स्वामी श्रीरामचरण महाराज ने तप, वैराग्य और ईश्वर कृपा से प्राप्त हुए ज्ञान के माध्यम से अपनी अनुभव वाणी से अणभै वाणी्य ग्रंथ की रचना की थी जो सभी ग्रंथों का सार है। जिसमें 36 हजार 397 पद व श्लोक शामिल है। उन्होंने कहा कि भगवान के नाम का सुमिरन और सत्संग करने के लिए जीव को मानव रूपी जीवन मिला है, जबकि मनुष्य मूल उद्देश्य भूलकर विलासिता में खो रहा है। दुनिया में कबीर वाणी, नानकवाणी जैसे कई ग्रंथों के माध्यम से सत्य, अहिंसा और धर्म का संदेश हैं। स्वामी रामचरण महाराज का पैतृक गांव पीपलू उपखंड क्षेत्र का ग्राम बनवाड़ा हैं। वहीं उनका जन्म मालपुरा तहसील के सोड़ा में स्थित उनके ननिहाल में 24 फरवरी 1720 शनिवार को हुआ था। माता-पिता की मृत्यु उपरांत वर्ष 1743 में रामचरण का सांसारिक भौतिकवाद से मोह भंग हो जाने से अध्यात्मवाद में रुचि लेने लगे तथा भीलवाड़ा जिले के दांतड़ा गांव में जाकर संत कृपा राम महाराज के शिष्य बन गए। साथ ही अपनी अनोखी, निर्गुण भक्ति से वह आगे चलकर स्वामी रामचरण महाराज के नाम से जग विख्यात हुए। अपने काल के अद्वितीय संत हुए जिन्होंने उस अराजक काल में एक नया संदेश देकर लोगों में उत्साह जागृत किया। जाति-पांति के भेद को मिटाकर सभी को राम मंत्र की दीक्षा दी। उन्होंने बताया कि रामस्नेही सेवा समिति जयपुर की ओर से निष्काम भाव से वर्ष 2017 से प्रतिमाह किसी न किसी स्थान पर जाकर अणभै वाणी ग्रंथ के पाठ किए जाते हैं। इस दौरान रामस्नेही सेवा समिति के बाबूलाल लवादर, मुरारीलाल, ऊंकारलाल विजयवर्गीय, पुर्ण्याजक रामअवतार, रामबाबू, शिवराज, विनोद विजयवर्गीय, माया, मोहिनी, नेहा, पूजा, दिनकर, रवि, अंकिता व अमित सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।



## प्रतिभाओं का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**पीपलू( नि.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कठमाणा में पीईईओ अलका अवस्थी के सानिध्य में बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। विद्यार्थियों के साथ उनके माता पिता का भी सम्मान किया गया। बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10 में पायल बैरवा ने 94.67 प्रतिशत अंक व द्वितीय स्थान पर प्रतीक्षा गुर्जर ने 89.50 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय व गांव का नाम रोशन किया। इसी प्रकार उच्च माध्यमिक परीक्षा में रिंकू चौधरी ने 90 प्रतिशत व मोनिका गुर्जर ने 87.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया है। पीईईओ अलका अवस्थी ने बताया कि ब्लॉक पीपलू में एक मात्र उच्च माध्यमिक विद्यालय हैं। जिसमे बालिकाओं ने लगातार 5 वें वर्ष सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त कर ब्लॉक में विद्यालय व गांव कठमाणा का नाम रोशन किया है। प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य बलराम शर्मा, व्याख्याता बजरंगलाल चौधरी, रामराज चंदेल, रमेशचंद गुर्जर, ललिता सोनी, अंकिता मीना, वरिष्ठ अध्यापक सुरेश शर्मा, शंकरलाल मीणा, रामसहाय शर्मा, रूपनारायण लक्षकार, नाथूलाल रैगर, धर्मसिंह गुर्जर, हरजीलाल पुरी व रमेशचंद बैरवा सहित सभी शिक्षक व ग्रामीण मौजूद थे।

# आरएमएससी की प्रबंध निदेशक ने किया सांगानेर सीएचसी का निरीक्षण

## दवाओं का प्रोटोकॉल के अनुसार भण्डारण करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर निरीक्षण का दौर लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार को राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि ने सांगानेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा एवं जांच योजना के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। गिरि ने निरीक्षण के दौरान दवाओं के कार्टन खुले में रखे होने पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएस दायमा को वस्तुस्थिति से अवगत कराने तथा संबंधित अधिकारी या कार्मिक की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संकल्पि भाव के साथ मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना का संचालन कर रही है। ऐसे में दवाओं का भण्डारण एवं दवाओं की उपलब्धता में किसी तरह की लापरवाही नहीं हो। प्रबंध निदेशक ने फार्मासिस्ट एवं अन्य कार्मिकों से दवाओं की उपलब्धता, मांग एवं आपूर्ति की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दवाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित हो। दवाओं की मांग के लिए रियल टाइम इंडेंट जारी किया जाए। मांग और आपूर्ति में किसी तरह का अंतर नहीं रहे। औषधि भण्डार में नियमानुसार दवाओं का बफर स्टॉक रखा जाए। गिरि ने कहा कि भण्डार कक्ष में दवाओं का भण्डारण निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाए। भण्डार कक्ष का तापमान नियामनुसार हो, ताकि दवाओं की गुणवत्ता प्रभावित नहीं हो। उन्होंने कहा कि एक्सपायर हो चुकी दवाओं तथा बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण पूरी प्रक्रिया अपनाते हुए किया जाए। साथ ही, दवाओं का उपयोग इस तरह सुनिश्चित किया जाए कि उनके एक्सापयर होने की स्थिति नहीं आए। उन्होंने सभी दवा वितरण काउंटरों का निरीक्षण करने के दौरान सॉफ्टवेयर के माध्यम से दवाओं की उपलब्धता, इंडेंट जारी करने की स्थिति एवं आपूर्ति के बारे में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। प्रबंध निदेशक ने स्वास्थ्य केंद्र में आपूर्तित जांच मशीनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सोनोग्राफी मशीन, डायलिसिस मशीन तथा अन्य जांच मशीनों का समुचित उपयोग किए जाने के निर्देश दिए।

श्रीमती गिरि ने कहा कि मशीनों का नियमित मेंटीनेंस सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, मानव संसाधन के संबंध में उच्च स्तर पर अवगत कराएं ताकि जांच मशीनों का सदुपयोग हो और मरीजों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। गिरि ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं के भण्डारण के लिए स्थान एवं संसाधनों की उपलब्धता को लेकर अधिकारियों की एक टीम पुन: स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करेगी। यह टीम तात्कालिक आवश्यकताओं का आकलन कर दवाओं के समुचित भण्डार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी।निरीक्षण के दौरान आरएमएससीएल की कार्यकारी निदेशक (लॉजिस्टिक) डॉ. कल्पना व्यास, बीसीएमओ डॉ. एसएस दायमा, पीएमओ डॉ. मुनेश जैन, प्रभारी अधिकारी जिला औषधि भण्डार गृह जयपुर द्वितीय डॉ. गजेन्द्र सोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जॉब रेडी नही, फ्यूचर रेडी स्टूडेंट्स की जरूरत : हर्ष पति सिंघानिया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** इंडस्ट्री का ट्रेंड बदल रहा है, अब जॉब रेडी नही फ्यूचर रेडी स्टूडेंट्स की मांग है। ये बात कही प्रसिद्ध उद्योगपति एवम जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर हर्ष पति सिंघानिया ने। वे सोमवार को यूनिवर्सिटी में हरिशंकर सिंघानिया स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) के पहले बैच के उद्घाटन समारोह में संबोधित कर रहे थे। प्रोडक्ट मैनेजमेंट में शुरू किए गए इस दो वर्षीय पूर्णकालिक एमबीए प्रोग्राम पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि ये प्रोग्राम टेक्नोलॉजी, यूजर और बिजनेस स्ट्रेटजी के बीच सेतुबंध का कार्य करती है। उन्होंने स्टूडेंट्स को जिज्ञासु होने के साथ ही सतत रूप से लर्निंग जारी रखने को कहा। उन्होंने प्रत्येक स्टूडेंट्स से ग्लोबल सिटीजंस के लिए बेहतर तरीके से जिम्मेदारी निभाते हुए स्वयं मे लीडरशिप डेवलप करने को कहा। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो धीरज सांघी ने इन एचएसबी के बारे में विस्तृत जानकारी दी और वर्तमान में प्रोडक्ट मैनेजमेंट के स्कोप पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत में ये अपनी तरह का पहला कोर्स बताया। इस अवसर पर दिल्ली समेत देशभर से विभिन्न इंडस्ट्री के लोगो ने शिरकत की। कार्यक्रम में इस एमबीए प्रोग्राम के डीन . ग्रेगरी जे. डन ने भी संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम केवल उत्पाद प्रबंधन से परे जाता है , यह समझने के लिए कि कैसे नवीन उत्पाद प्रबंधन मौलिक रूप से व्यवसायों और समाजों को परिवर्तित कर सकता है,। मेंटरशिप कार्यक्रम है विशेषता एचएसबी की एक और विशेषता इसका मेंटरशिप कार्यक्रम है, जो छात्रों को बहुराष्ट्रीय कंपनियों और अच्छी तरह से वित्त पोषित स्टार्टअप से अग्रणी उत्पाद नेताओं और शीर्ष कार्यकारियों से जोड़ता है। ये मेंटर, जो अपने क्षेत्रों में अग्रणी हैं, वे व्यक्तिगत मार्गदर्शन, एक शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देते हैं जो बेहद महत्वपूर्ण है। यह प्रारंभिक समूह की यात्रा उच्च शिक्षा में एचएसबी की प्रतिबद्धता को उत्कृष्टता और नवाचार के रूप में उदाहरणित करने के लिए सेट है। एमबीए कार्यक्रम के स्नातकों से उम्मीद की जाती है कि वे नवाचार के अग्रदूत के रूप में उभरेंगे, जो वैश्विक बाजारों में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए तैयार हैं।

# राज्य स्तरीय अहिंसक आहार पोस्टर प्रतियोगिता

## अहिंसक आहार राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का होगा आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** धर्म जागृति संस्थान राजस्थान प्रांत की अहिंसक आहार पोस्टर प्रतियोगिता के प्रांत स्तरीय संयोजकों की बैठक प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला की अध्यक्षता , कार्याध्यक्ष अनिल जैन आईपीएस , धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या कामां एवं प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक इंजीनियर प्रेमचंद जैन छाबड़ा के सानिध्य में दुर्गापुरा जैन मंदिर स्वाध्याय कक्ष में आयोजित हुई।

धर्म जागृति संस्थान के महामंत्री सुनील पहाड़िया ने बताया कि बैठक का प्रारंभ णमोकार महामंत्र के साथ हुआ तथा उपस्थित संयोजक रेखा पाटनी , अमित शाह ,सुभाष पहाड़िया ,राजेंद्र पापड़ीवाल सिद्ध सेठी आदि ने पोस्टर प्रतियोगिता की प्रगति के बारे में अवगत कराया। बैठक में राजेंद्र ठोलिया के प्रश्न पर अनिल जैन ने कहा कि शाकाहार का विस्तृत रूप अहिंसक आहार है , इधर संजय बडजात्या ने वर्तमान में जंक फूड, फास्ट फूड, डिब्बा बंद आहार जिसको हम शाकाहार समझते हैं जबकि वह अहिंसक आहार की श्रेणी में नहीं आता है । बैठक में शाकाहार चिन्ह लगे पैकड फूड में ई नाम से अभक्ष खाद्य पदार्थ होने पर तथा खाद्य पदार्थ को सोधन कर प्रयोग लेने पर चर्चा हुई । बैठक में पंकज लुहाड़िया कोषाध्यक्ष धर्म जागृति संस्थान ने अधिकाधिक प्रचार प्रसार कर आचार्य वसुनंदी महाराज व आर्यिका वर्धस्व नंदनी माताजी द्वारा प्रदत्त अहिंसक आहार को घर-घर पहुँचाना इस प्रतियोगिता का लक्ष्य है। सभा में जयपुर महानगर अध्यक्ष राजीव लाखना को जयपुर में विस्तृत प्रचार प्रसार हेतु फ्लेक्स दिया गया तथा महेश काला अशोक लुहाड़िया , ऋषब सेठी , सुरेश शाह , सोभाग अजमेरा , महेंद्र जैन बसवा ,सुरेंद्र काला सहित सदस्यों को मंदिरों में लगाने हेतु पोस्टर दिये गये ।

# चाकसू ब्लॉक के तामडिया स्वास्थ्य केंद्र के निकट पंचायत समिती पर 'सास बहू सदा सुखी रहो समारोह' का आयोजन

## सास और बहू ने की परिवार नियोजन पर सार्थक चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत जिले में सास-बहू सम्मलेन आयोजित किए जा रहे है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उन्हें विभाग की ओर से उपलब्ध करवाए जा रहे परिवार नियोजन के साधनों और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि चाकसू ब्लॉक के तामडिया स्वास्थ्य केंद्र के निकट पंचायत समिती पर आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से सास बहू सदा सुखी रहो समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन व परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उन्हें परिवार नियोजन की जानकारी साझा की गई। साथ ही शादी के बाद पहले बच्चे में 2 साल की देरी और दूसरे बच्चे में 3 साल का अंतराल के बारे में बताया गया। इसके अलावा उन्हें परिवार कल्याण के स्थाई-अस्थाई साधन अपनाने के लिए नजदीकी चिकित्सा संस्थानों पर उपलब्ध सेवाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में पीएचसी कादेड़ा के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. डॉ महेंद्र चौधरी, एसएचएस कृष्णा कुमारी भारद्वाज, एएनएम सुमन, आशा सहयोगिनी और आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन की प्रतिनिधि रॉक्सी शर्मा, दीपा गौतम उपस्थित रहे।

# गणेश मंदिर से अमरनाथ यात्रा रवाना

## श्रद्धालुओं ने लगाए बाबा बफार्नी के जयकारे, आत्माराम ब्रह्मचारी गणेश मंदिर से 13 दिवसीय यात्रा की रवानगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** ब्रह्मचारी गणेश मंदिर ,पुरानी चुंगी चौकी से सोमवार को 13 दिवसीय बाबा बफार्नी यात्रियों का जत्था बस द्वारा रवाना हुआ। कार्यक्रम संयोजक गुलाब चंद श्रीमाल ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी बाबा बफार्नी की 13 दिवसीय यात्रा का आयोजन किया जा रहा है और इस साल यात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं में बहुत अधिक उत्साह देखने को मिला है। यात्रा का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने बाबा बफार्नी के जयकारे लगाए और यात्रा के लिए रवाना हुए। बाबा बफार्नी यात्रा को रवाना करने के लिए हवामहल विधानसभा क्षेत्र के विधायक बालमुकुंदाचार्य ,विधायक प्रत्याशी चंद्र मोहन बटवाड़ा,मनीष पारीक ,पार्षद कुसुम यादव,पूर्व चेयरमैन अजय यादव सहित श्याम मंदिर के महाराज लोकेश शर्मा सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### इन धार्मिक जगहों के दर्शन करेंगे श्रद्धालु

13 दिवसीय इस बाबा बफार्नी यात्रा में श्रद्धालु बाबा अमरनाथ के लिए यह धार्मिक यात्रा शिव खोडी,वैष्णो देवी ,पहलगांव ,बाबा अमरनाथ,बालटाल,श्रीनगर,हिमाचल की देवी,चित्तपूर्णी माता,ज्वाला माता,कांगड़ा देवी,चामुंडा देवी से जम्मू होते हुए हरिद्वार स्नान के बाद जयपुर वापसी करेंगे।

# विदेश महिलाओं के साथ अश्लील शब्दों का प्रयोग करने वाला युवक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान


**जयपुर ( का.स. )।** आमेर थाना पुलिस ने विदेश महिलाओं के साथ अश्लील शब्दों का प्रयोग कर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वीडियो बना कर अपलोड करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी अंतिम शर्मा ने बताया कि विदेश महिलाओं के साथ अश्लील शब्दों का प्रयोग कर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वीडियो बना कर अपलोड करने वाले जमवारामगढ़ के भावपुरा गांव में रहने वाले आरोपी विनोद मीणा (18) को गिरफ्तार किया गया है। ग्यारह अप्रैल को आरोपी विनोद मीणा ने आमेर घूमने आई विदेशी महिला पर्यटकों का वीडियो बनाया था। वीडियो में युवक ने विदेश महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी की थी। इसके बाद वीडियो की रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी थी। वीडियो के बारे में छह मई को पुलिस को पता चला। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर आरोपी विनोद मीणा को पकड़ लिया था।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने उत्तरप्रदेश के बरसाना से पकड़ा बारह साल से फरार मोस्ट वांटेड

## राधा-रानी मंदिर में दर्शन करने आया था, टीम ने बाहर ही घेरकर दबोच लिया

## अपहरण-डकैती के मामले में था वांछित, कोटा ग्रामीण से पच्चीस हजार का है इनामी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने अपहरण-डकैती के मामले में थाना कैथून जिला कोटा ग्रामीण में बारह साल से वांछित आरोपी मुरारीलाल शर्मा निवासी पलसो थाना गोवर्धन जिला मथुरा को बरसाना इलाके से दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी पर पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण द्वारा पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को सूचना मिली कि कोटा ग्रामीण के थाना कैथून में बारह साल से वांछित आरोपी मुरारी लाल बरसाना क्षेत्र में फरारी काट रहा है जो रविवार को राधा रानी मंदिर आएगा। इस सूचना पर एजीटीएफ की टीम ने एसएचओ कामां मनीष शर्मा एवं साइबर सेल प्रभारी कोटा ग्रामीण एएसआई भूपेंद्र सिंह की मदद से बरसाना स्थित राधा रानी मंदिर के बाहर घेराबंदी कर आरोपी मुरारी लाल शर्मा को डिटेन कर लिया। जिसे थाना कामां लाकर साइबर सेल प्रभारी एएसआई भूपेंद्र सिंह की टीम को सुपुर्द कर दिया गया। एमएन ने बताया कि 18 अक्टूबर 2012 को खुशालीपुरा थाना कनवास निवासी किसान बाबूलाल गुर्जर अपने गांव से भामाशाह मंडी कोटा में धनिया बेचने आया था। वापसी में एक ड्रम में डीजल भरवाकर अपने ट्रैक्टर से लौट रहा था कि पीछे से आई एक जाइलो गाड़ी में बैठे व्यक्तियों ने उसे रुकवाया और एक्सीडेंट करके आना कह जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठा कर अपहरण कर लिया। उनमें से दो लड़के किसान का ट्रैक्टर लेकर कोटा की ओर चले गए। बाकी बदमाशों ने रास्ते में किसान से मारपीट कर उसका मोबाइल और पास में रखे 10 हजार 500 छीन लिए और रावतभाटा के पास जावरा गांव के एक स्कूल के खंभे से बांधकर फरार हो गए। इस मामले में कैथून पुलिस द्वारा घटना के छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है।

# पटवारी एवं ग्राम प्रतिहारी पैतालीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## कृषि भूमि का सीमाज्ञान कार्य करने की एवज में मांगी थी रिश्वत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय की जयपुर ग्रामीण टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए बराला अतिरिक्त चार्ज खजूरियान ब्राह्मणान तहसील बस्सी जिला जयपुर की महिला पटवारी रीना सोयल एवं ग्राम प्रतिहारी रोडू मल को परिवादी से पैंतालीस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी जयपुर ग्रामीण टीम को एक शिकायत मिली कि कृषि भूमि का सीमाज्ञान कार्य करने की एवज में महिला पटवारी रीना सोयल ग्राम प्रतिहारी रोडूमल के माध्यम से पैंतालीस हजार रुपये की रिश्वत राशि मांग कर रही है। जिस पर एसीबी जयपुर ग्रामीण टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील सिहाग के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए महिला पटवारी रीना सोयल और ग्राम प्रतिहारी रोडूमल को पैंतालीस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

# मोबाइल-पर्स लूटने वाले दो बदमाश बापर्दा गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुहाना थाना पुलिस ने मोबाइल-पर्स लूट की वारदात करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के दो शातिर बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया है और साथ ही उनके पास से लूट का माल भी बरामद किया है।

पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित राहगीर बाइक सवार महिलाओं पर झपट्टा मार कर पर्स-मोबाइल छीनते है और बैग में रखे मोबाइल को पकडे जाने के डर से सूनसान स्थान पर फेंक कर कर कीमती सामान लेकर चले जाते है। आरोपियों ने अब तक दो दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने मोबाइल-पस लूट की वारदात करने वाले गिरोह के शातिर बदमाश आदित गौड़ निवासी कानोता हाल मुहाना जयपुर और सोनू टांक निवासी मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से वारदात में प्रयुक्त दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा पीछा करने में अचानक बदमाशों की बाइक गिर गई और दोनों बदमाशों के पैरों चोटिल हो गए। जिससे वह भाग नहीं पाए और उन्हे पकड़ लिया गया।

# राजस्थान प्रदेश माली महासभा का निर्विरोध हुआ निर्वाचन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा की प्रदेश स्तरीय आमसभा का आयोजन स्वेज फार्म, सोडाला स्थित हीरा वैली रिसोर्ट में बिरदा राम देवड़ा की अध्यक्षता में हुआ जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष ताराचंद गहलोत, महामंत्री मुख्यालय भवानी शंकर माली, कोषाध्यक्ष कोषाध्यक्ष बहादुर सैनी को निर्विरोध चुना गया। नव निर्वाचित मुख्यालय महामंत्री भवानी शंकर माली ने बताया कि प्रदेश की यह राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा 1982 से प्रदेश में कार्यरत है लेकिन इसका कॉपरेटिव डिपार्टमेंट से रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया हुआ था अब रजिस्ट्रेशन होने के बाद पहली बार प्रदेश के सभी जिलों से आए पूर्व के पदाधिकारी एवं समाज बंधुओ ने आमसभा में तीन पदों का निर्वाचन किया तथा 14 जिलाध्यक्षो सहित 102 लोगों की प्रदेश स्तरीय कार्यकारणी का घटन किया गया साथ ही महिला विंग अध्यक्ष श्रीमती गीता सोलंकी नागौर एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती शीला सैनी को नियुक्त किया गया। माली ने बताया कि बैंक अकाउंट पैन कार्ड सहित सारी विधिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई है अब जल्द ही प्रदेश स्तर पर कार्यकारणी का विस्तार कर सभी जिलों के अध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे तथा विधान के अनुसार हर 2 महीने में कार्यकारणी की मीटिंग जिलों में बुलाई जाएगी।

# विधायक के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर रक्तदान शिविर के पोस्टर का किया विमोचन




बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** विधायक कुलदीप धनकड़ के जन्मदिन के उपलक्ष पर रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। रक्तदान शिविर संयोजक भाई हरिद्वारी लाल स्वामी ने बताया कि विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ के जन्म उत्सव के अवसर पर पावटा के एस के अस्पताल में 29 जून, शनिवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।जिसके पोस्टर का विमोचन कुलदीप धनकड़ के द्वारा किया किया। इस अवसर पर मंडा सरपंच प्रतिनिधि शेरसिंह,धर्मवीर वर्मा, मक्खन,नरेंद्र सिंह, विकास सिंह,शक्ति सिंह, मनोज चौधरी,किशन,टिंकू प्रजापति, राहुल, पंकज, सत्यनारायण, मनोज स्वामी सहित टीम के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में रेडक्रॉस सोसाइटी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

# नए जिलों में रेडक्रॉस सोसायटी बनेगी, एनीमिया मुक्त राजस्थान के लिए कार्य होगा : राज्यपाल कलराज मिश्र

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि राज्य में विद्यार्थियों को निशुल्क एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण की पहल होगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वय से प्रदेश में इसे क्रियान्वित किया जाएगा। राज्यपाल मिश्र ने सोमवार को राजभवन में रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक मे संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि इस संबंध में शीघ्र कार्य प्रारंभ होगा। इसके लिए हर जिले से चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 10 मास्टर ट्रेनर्स की व्यवस्था की जाएगी। राज्यपाल ने बैठक में राज्य के 33 जिलों के अलावा नए 17 जिलों में रेडक्रॉस सोसायटी गठन के लिए प्रभावी कार्य किए जाने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में 31 जुलाई तक आवश्यक रूप से कार्यवाही कर ली जाए। उन्होंने जिलों में वृक्षारोपण के लिए भी रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सक्रिय भूमिका निभाने और लगाए जाने वाले पौधों के संरक्षण के लिए भी कार्य किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने रेडक्रॉस के जरिए अंगदान और देहदान के लिए लोगों को प्रेरित करने, चिकित्सा उपकरणों में सहयोग के लिए जन सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अंगदान के लिए आमजन को जागरूक करने के लिए विद्यालय स्तर पर कार्यवाही हो। इस पर बताया गया कि विद्यालयी पाठ्यक्रम में इसे शामिल करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जल्द विद्यार्थियों के लिए इसे लागू किया जाएगा। राज्यपाल मिश्र ने बैठक में टीबी मुक्त राजस्थान के लिए किए जाने वाले कार्यों में रेडक्रॉस की भागीदारी की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि इस संबंध में अधिकाधिक निक्षय मित्र बनाने और आमजन की भागीदारी से कार्य किया जा रहा है। बैठक में राज्यपाल ने राजस्थान को एनीमिया मुक्त किए जाने के लिए भी प्रभावी कार्य किए जाने के निर्देश दिए। इस पर बताया गया कि राजस्थान और विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में एनीमिया बीमारी से मुक्त करने की पहल की जा रही है। राज्यपाल ने जनजातीय क्षेत्रों में एनीमिया रोगियों के बारे में नियमित जानकारी लेकर उनके लिए विशेष रूप से कार्य किए जाने पर जोर दिया। बैठक में राज्यपाल ने सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता और स्क्रीनिंग के लिए किए जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मानव कल्याणकारी कार्यों के साथ चिकित्सा और सेवा कार्यों में जनभागीदारी बढाई जाए। रेडक्रॉस सदस्यों की संख्या में वृद्धि कर इससे जुड़ी गतिविधियों का विस्तार किया जाए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार सार्वजनिक सहभागिता से राज्य में मानव कल्याण के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के सुधारने के लिए निरंतर प्रभावी प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा स्वच्छता अभियान के साथ पौधारोपण, रक्तदान, अंगदान और देहदान के लिए रेडक्रॉस के साथ मिलकर अधिकाधिक कार्य किए जाएंगे। इससे पहले इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान शाखा के चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला ने रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। सचिव विजय खत्री ने प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी।

परिवहन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती श्रेया गुहा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक डॉ. जितेन्द्र सोनी, माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक बृजमोहन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के रवि प्रकाश ने भी विचार रखे।

**वेबसाइट एवं न्यूजलेटर का लोकार्पण :** राज्यपाल कलराज मिश्र और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की राजस्थान शाखा की वेबसाइट का लोकार्पण किया। इसमें राजस्थान में रेडक्रॉस द्वारा किए जा रहे कार्यों के साथ ही इससे जुड़ने वाले सदस्यों और भामाशाहों द्वारा दिए जाने वाले दान की ऑनलाइन व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई है। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के न्यूज लेटर रेडक्रॉस टाइम्स के नवीन अंक का भी लोकार्पण किया गया।

# सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हो रहे नवाचार

### मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए ओडीके एप से होगी मॉनीटरिंग

बढ़ता राजस्थान



**चूरू (सुरेश शर्मा)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर मॉनीटरिंग कर आमजन को बेहतर सेवाएं देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम व बचाव के लिये तथा राज्य में मच्छरों के प्रजनन स्थलों पर ब्रीडिंग रोकने के लिये राज्य में नवाचार अन्तर्गत ओडीके एप (ओडीके एप-वैक्टर बोर्न डिजीज, ओडीके एप-सुधार, ओडीके एप-मरूधर) बनाये गये हैं। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने बताया कि ओडीके एप के माध्यम से अन्तर्विभागीय समन्वय द्वारा मच्छरों की ब्रीडिंग कन्ट्रोल किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण नवाचार हैं। इन तीनों एप में से, ओडीके एप-वैक्टर बोर्न डिजीज के माध्यम से फील्ड स्टॉफ पानी के स्रोतों की फोटो खींचकर जीओ टेंगिंग (लोकेशन) के साथ एप में अपलोड कर रहे हैं। इसमें सड़क पर पड़ा हुआ कचरा, नाला/नाली में सफाई न होने के कारण रूका हुआ पानी, सड़क व अन्य स्थान पर गढ्ढों में भरा पानी, खाली प्लाट में कचरा/पानी, बड़े जल स्रोत (तालाब/पोखर/बावड़ी) में कचरा/गंदगी घर के बाहर पानी के अन्य स्रोत टंकी, मटका, टायर, डिब्बा में लार्वा की उपस्थिति, अन्य स्थान/पात्र जहां पानी जमा हो, के फोटो जमा पानी की स्थिति आदि के फोटो अपलोड किए जा सकते हैं, जिनका निस्तारण स्वायत्त शासन विभाग व पंचायती राज विभाग द्वारा किया जाएगा। इन शिकायतों का निस्तारण ओडीके एप-सुधार द्वारा किया जाएगा।

शहरी क्षेत्र की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण स्वायत्त शासन विभाग एवं ग्रामीण क्षेत्र की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पंचायती राज विभाग द्वारा किया जाएगा। इसी एप में शिकायतों से पूर्व का फोटोग्राफ व निस्तारण के पश्चात् का फोटोग्राफ जिओ टॅगिंग के साथ अपलोड किया जायेगा, जिससे शिकायत निवारण की पुष्टि की जा सकेगी। जिला कलक्टर ने बताया कि साप्ताहिक बैठक में प्राप्त शिकायतों व निस्तारित की गई कार्यवाहियों के बारे में विभागवार विश्लेषण किया जाएगा।

# फुलेरा के रेलवे स्टेशन पर चल रही निशुल्क जलसेवा का समापन



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा, (नि.स.)।** रेलवे स्टेशन पर ग्रीष्मकाल को देखते हुए प्रतिवर्ष दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत के तत्वावधान में एक माह से चल रही जलसेवा का समापन समारोह रविवार देर शाम को संघ अध्यक्ष अशोक वासदेव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्षा प्रतिनिधी जितेन्द्र अग्रवाल रहे वहीं विशिष्ट अतिथि पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, जेडआरयूसीसी सदस्य भारतभूषण शर्मा, शिक्षाविद शक्तिसिंह, राकेश वासदेव, वरिष्ठ जलसेवक प्रेमनारायण कुमावत रहे। कार्यक्रम का संचालन संतोष स्वामी व नीरज सैन के द्वारा किया गया। गौरतलब है कि भीषण गर्मी के दिनों में रेल में यात्रा करने वाले यात्रियों को आरओ युक्त ठंडा पानी उनके कोच के सामने ही उपलब्ध करवाते है और ऐसा पिछले कई वर्षों से जारी है। समापन समारोह के दौरान फुलेरा जीआरपी थानाधिकारी गुलजारी लाल, रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक राजेश सिंह,शैलेन्द्र शर्मा, दुर्गासिंह नरूका, ललित जैन, टीकम शर्मा, बलवीर गुर्जर, अमजद हुसैन सिद्दिकी, बाबूलाल अजमेरा, मुकेश सैन,इकरामुद्दीन कुरेशी, पवन नागा सहित अनेक जलसेवक व दैनिक रेलयात्री मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद शाखा सूरतगढ़ के द्वितीय जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**सूरतगढ़ (नि.स.)।** भारत विकास परिषद शाखा सूरतगढ़ द्वारा द्वितीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जी हेल्प कोचिंग सेंटर में किया गया। जिसमें गंगानगर हनुमानगढ़ और अनूपगढ़ जिले की 18 शाखाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, संगठन सचिव, संपर्क प्रमुख, महिला संयोजिका, प्रान्तीय/ क्षेत्रीय दायित्वधारी. जिला समन्वयक, सह जिला समन्वयक, प्रांतीय संयुक्त सचिव उपस्थित हुवे। सर्वप्रथम सभी आगंतुकों का पवन खुराना, एल डी गुरनानी, सुनील सिंघल सुरेश कोठारी, कमलेश पांडे, आशकर्ण सोनी आदि ने अर्पना पहना कर व तिलक लगा कर स्वागत किया गया शाखा सचिव राजेंद्र सारस्वत द्वारा प्रथम सत्र में मंच संचालन किया व अतिथियों को मंचासीन करने के बाद मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आयोजन की विधिवत शुरू किया गया। शाखा सरंक्षक के एल बंसल द्वारा सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया। इसके बाद प्रांतीय महा सचिव विशव बंधु गुप्ता द्वारा पुरे क्रायकर्म का संचालन किया गया। भारत विकास परिषद उत्तर प्रांत के यह कार्यशाला चार सत्रों में संपन्न हुई। क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव विनोद आढा ने सर्वप्रथम कार्य शाला का उद्देश्य, भारत विकास परिषद के उद्देश्य, लक्ष्य व अवधारणा विषय पर प्रकाश डाला। कुछ ने नियमो की जानकारी दी। समूह बैठक के दौरान शाखाओ को संगठन विस्तार व आर्थिक शुचिता, व शाखा के प्रति प्रतिबद्धता आदि विषयो पर मार्गदर्शन किया। क्षेत्रीय प्रकल्प प्रमुख घनश्याम शर्मा जी ने आज के परिप्रेक्ष्य मे कुटुंब प्रबोधन की आवश्यकता पर गंभीर चर्चा की व इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रांतीय अध्यक्ष रितेश अरोड़ा ने अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संपर्क प्रमुख, महिला प्रमुख आदि के कार्यो का उल्लेख किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ संजय जिंदल ने संपर्क की महत्ता बताते हुए बताया कि शाखा को आंतरिक व बाहरी रूप से संपर्क द्वारा सशक्त बनाया जाए। प्रांतीय महासचिव ने संगठन विस्तार व संगठन सबंधित रिपोर्ट पर जानकारी दी। शाखा के कोषाध्यक्ष नवीन खेमका, संगठन सचिव रमेश आसवानी, पवन मुंजाल, पुनीत दुआ, अशोक मखीजा, पंकज शर्मा, रमेश शर्मा, पी सी चुघ, लवली कल्सी, संजीव मदान व सौरभ आहूजा ने सभी व्यवस्थाएं संभाली अंत में भोजन व्यवस्था की गई।

# कैंसर के उपचार में एक अच्छा और प्रभावी विकल्प है ब्रैकीथेरेपी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** ब्रैकीथेरेपी कैंसर के सबसे प्रभावी उपचारों में से एक है, क्योंकि यह सिर्फ कैंसर से प्रभावित सीमित क्षेत्र को टारगेट करता है साथ ही इसकी सफलता दर भी अधिक है। ज्यादातर मामलों में जिन व्यक्तियों को प्रारंभिक अवस्था में कैंसर का पता चलता है, उनके लिए ब्रैकीथेरेपी एक अच्छा विकल्प है। इस उपचार से वे आसानी से ठीक हो सकते हैं। आइए इस लेख के माध्यम से नारायणा हॉस्पिटल जयपुर की डॉ निधि पाटनी-डायरेक्टर, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी से समझते हैं कि ब्रैकीथेरेपी क्या है और इसके फायदे क्या-क्या हैं।

**ब्रैकीथेरेपी क्या है :** ब्रैकीथेरेपी जिसे इंटरनल रेडिएशन थेरेपी भी कहा जाता है, एक तरह की रेडिएशन थेरेपी है। इसमें कैंसर मरीज के कैंसर ग्रस्त हिस्से के अंदर एक उपकरण (कैथेटर) लगाया जाता है। ये उपकरण शरीर में रेडियोएक्टिव पदार्थों को कैंसर कोशिकाओं तक पहुंचाता है और उन्हें प्रभावी तरह से नष्ट कर देता है। उपचार के इस तरीके में कैंसर कोशिकाओं को मारने या उन्हें बढ़ने से रोकने के लिए शरीर के प्रभावित भागों में रेडिएशन की डोज सटीक तरीके से दी जाती है। शरीर में कैंसर के प्रकार और उसकी स्टेज एवं स्थिति के आधार पर, ब्रैकीथेरेपी अस्थायी या फिर स्थायी हो सकती है। ब्रैकीथेरेपी का उपयोग ज्यादातर सिर, गर्भाशय ग्रीवी (सरविक्स), गर्भाशय के कैंसर, गर्दन, स्तन, प्रोस्टेट और हाथ-पैर के सार्कोमा के उपचार में किया जाता है। ब्रैकीथेरेपी में हाई डोज रेट (एचडीआर) रेडिएशन होती है। इसमें रेडिएशन सिर्फ कुछ मिनटों के लिए ही दिया जाता है।

### ब्रैकीथेरेपी के फायदे

**टारगेट उपचार:** ट्यूमर या कैंसर प्रभावित क्षेत्र तक सीधे रेडिएशन को पहुंचाकर, स्वस्थ अंगों और टिश्यूज को होने वाले नुकसान को कम करती है और इसमें दुष्प्रभाव कम होता है।

**प्रभावी डोज पहुंचाना :** रेडिएशन स्रोत का प्रभावित क्षेत्र के पास होने के कारण ट्यूमर को अधिक डोज पहुंचाती है जिससे उपचार की सफलता दर में सुधार होता है और दोबारा कैंसर होने की संभावना भी कम रहती है।

**जल्दी रिकवरी :** सर्जरी की तुलना में मरीज तेजी से स्वस्थ हो जाता है और उसे अस्पताल में अधिक रहने की आवश्यकता नहीं होती है।

**न्यूनतम दुष्प्रभाव :** इसमें प्रभावित क्षेत्र के अलावा आसपास के टिश्यूज में रेडिएशन का संपर्क कम होता है जिससे उन्हें नुकसान नहीं होता है।

**ब्रेकीथेरेपी के उपयोग :** गर्भाशय व गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर में ब्रेकीथेरेपी की अहम भूमिका है। इसके बिना उपरोक्त कैंसर का उपचार अधूरा है। इसके उपयोग से इन दोनों कैंसर के समूल नष्ट होने की संभावनाएं दुगनी हो जाती है। इसी प्रकार मांसपेशियों के कैंसर में ब्रेकीथेरेपी करने से कैंसर ग्रसित हिस्से का सूचारू तरीके से उपचार किया जाता है। इसके दुष्प्रभाव न्यूनतम होते हैं।

यदि दुर्भाग्यवश कैंसर दोबारा होता है तब लीनियर एक्सीलेटर द्वारा रेडिएशन थेरेपी देना कई बार संभव नहीं हो पता है, ऐसे में ब्रैकीथेरेपी के उपयोग से काफी हद तक मरीज को आराम दिलाया जा सकता है। लीनियर एक्सीलेटर से रेडिएशन थेरेपी की तुलना में ब्रेकीथेरेपी द्वारा उपचार कम समय में पूरा हो जाता है। परंतु इसमें विशेष रूप से ट्रेनिंग प्राप्त व अनुभवी रेडिएशन थेरेपी के चिकित्सक की आवश्यकता होती है।

# भाजपा नगर मण्डल कार्यकर्ताओं ने किया प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत का स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**झुझुनू (सुरेश सैनी)।** आगामी 27 जून को झुझुनू में होने वाली मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सभा की पूर्व तैयारियों को लेकर झुझुनू प्रवास पर आए सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री राजस्थान सरकार एव ज़िले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत का पीरू सिह सर्किल पर आयोजित भारतीय जनता पार्टी की प्रमुख कार्यकर्ता बैठक में नगर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा की अगुवाई में भाजपा नगर मण्डल कार्यकताओं ने भव्य स्वागत एव अभिनंदन किया।भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, ज़िला संगठन प्रभारी के डी बाबर, विधायक विक्रम जाखल, धर्मपाल गुर्जर, ज़िला प्रमुख हर्षिणी कुलहरी, पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, सुभाष पुनिया, पूर्व ज़िलाध्यक्ष पवन मावंडिया, जगदीस खाजपुरिया, राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पुनिया, विधानसभा प्रत्याशी निशित बबलू चौधरी, राजेश दहिया आदि के आतिथ्य में भाजपा के नगर मण्डल कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दुपट्टा,माला पहनाकर एव प्रतीक चिन्ह के रूप में भगवान श्रीराम का चित्र भेंट कर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत का स्वागत किया।इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्ता महेश जिनगर, रवि लांबा, ललित जोशी, जय प्रकाश चौधरी, पार्षद चन्द्र प्रकाश शुक्ला, सौरभ सोनी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अन्तर्राज्यीय गैंग के वाहन चोर मन्सी एवं रामपाल बिश्नोई गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने शिप्रापथ थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अन्तर्राज्यीय गैंग के वाहन चोर मनीष सोलंकी उर्फ मन्सी एवं रामपाल बिश्नोई को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चोरी का एक चौपहिया वाहन सहित वारदात में प्रयुक्त चौपहिया वाहन बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने शिप्रापथ थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अन्तर्राज्यीय गैंग के वाहन चोर मनीष सोलंकी उर्फ मन्सी (34) निवासी जोधपुर हाल वाटिका रोड सांगानेर जयपुर और रामपाल बिश्नोई (26) निवासी भोपालगढ़ जिला जोधपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित मनीष सोलंकी शातिर वाहन चोर है जिसके पूर्व में वाहन चोरी के काफी प्रकरण दर्ज है। आरोपित चोरी करने वाले वाहन को डिवाइस लगाकर गाड़ी को अनलॉक करके दूसरी चाबी के चिप लगाकर गाड़ी को स्टार्ट करके ले जाते और सुनसान इलाके में खड़ी कर देते। फिर मौका मिलते ही चोरी गये वाहन को जोधपुर या मेवाड़ क्षेत्र में भिजवा कर चोरी गये वाहन को डेढ से दो लाख रुपये में बेचा देते है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है जिससे और भी वारदातें खुलने की संभावना है।

## मामूली कहासुनी के बाद युवक पर प्राणघातक हमला सिर व हाथ में आई गंभीर चोट,लाठी -डंडो से की जमकर मारपीट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रताप नगर थाना इलाके में मामूली कहासुनी के बाद कुछ बदमाशों ने एक युवक को रोड पर रोक कर लाठी-डंडो से उसके साथ जमकर मारपीट की और अधमरी हालत में उसे छोड़कर फरार हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने घायल युवक के पर्चा बयानों के आधार पर बदमाशों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।एसआई रेखा ने बताया कि किशनपुरा,शिवदासपुरा निवासी अवधेश यादव (21) अपने परिवार के साथ यहां रहता है और प्राइवेट जॉब करता है। प्रताप नगर सेक्टर -26 निवासी मोनू बैरवा से कुछ समय पहले उसकी कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद से ही मोनू आए दिन उसे मारने की धमकी देता था। बुधवार को साढ़े 8 बजे अवधेश किसी काम से प्रताप नगर आया था। तभी महल योजना के पास मोनू ने अपने 3-4 साथियों के साथ मिलकर लाठी -डंडो से अवधेश पर प्राण -घातक हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से अवधेश अचेत अवस्था में रोड पर गिर गया। जिसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित के पर्चा बयानों के आधार पर जान लेवा हमला करने का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

## चांदी के रथ पर सवार होंगे गौरांग देव और गोविंद देव जी,श्रद्धालु करेंगे हरि नाम संकीर्तन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रथ यात्रा महोत्सव 7 जुलाई को सुबह 6:30 बजे मनाया जाएगा। मंदिर के प्रवक्ता मानस गोस्वामी ने बताया कि गर्भ मंदिर के पश्चिम द्वार से मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में विग्रह को चांदी के रथ पर विराजमान कर मंदिर की परिक्रमा करवाई जाएगी। माध्वीय गौड़ीय सम्प्रदाय के वैष्णव वृंद, भजन मंडलियां रथ विराजमान होने के बाद पूरे हर्षोल्लास से निज मंदिर परिक्रमा में श्री हरिनाम संकीर्तन के साथ परिभ्रमण करवाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आराध्य देव ठाकुर श्री गोविंद देव जी के श्री विग्रह को गौरांग देव महाप्रभु के आदेश पर वृंदावन में गौमाटीला स्थान पर उनके प्रधान शिष्य रूप गोस्वामी ने कड़ी तपस्या से प्राप्त किया था। उसकी सूचना अविलम्ब उड़ीसा में नीलाचंल स्थान पर श्रीमन महाप्रभु को पहुंचाई गई कि वे वृंदावन पधारें।

# हिस्ट्रीशीटर के घर पहुंची पुलिस तो छत से कूदकर भागा : ट्रक में भागा युवक परिवार का था, मकान तोड़ने की तैयारी में प्रशासन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर में हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने उसके घर गई पुलिस पर परिवार ने हमला कर दिया था। इस दौरान हिस्ट्रीशीटर भाग गया। पुलिस का कहना था कि वह ट्रक लेकर भागा लेकिन ऐसा नहीं था। वह छत से कूदकर खेतों से होते हुए भागा था। वहीं ट्रक से भागा युवक उसके परिवार का था। फिलहाल पुलिस हिस्ट्रीशीटर की तलाश में है। मन्नाका गांव का रहने वाला हिस्ट्रीशीटर फिरोज खान 23 जून को हिंदू-मुस्लिम भाईचारा सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा था, जिसमें कई नेताओं को आमंत्रित किया गया था। कुछ समाजसेवी बुलाए गए थे। पुलिस को पता चलते ही वह 22 जून को फिरोज के घर पहुंची। फिरोज वहां परिवार और अन्य लोगों के साथ बैठा मिला था। पुलिस ने उसे पकड़ा तो परिवार और आस-पास के लोगों ने उसे छुड़ाकर भगा दिया। उन लोगों ने पुलिस के साथ मारपीट कर कार के शीशे भी तोड़ दिए। पुलिस ने उसके परिवार व पड़ोसियों को गिरफ्तार कर पुलिस पर हाथापाई करने और राजकार्य में बाधा डालने का केस लगाया है। फिरोज के दादा अमर सिंह ने कहा कि मन्नाका निवासी गफूर के परिवार से उनकी आपसी रंजिश है। कुछ साल पहल फिरोज के चाचा के पैर तोड़ने का आरोप भी उन पर लगाया। यह भी कहा कि उनके पास मकान की जगह का पट्टा है, जो करीब 40 साल पुराना है। उस पट्टे के अनुसार उनका कब्जा है। उससे अधिक है तो तोड़ सकते हैं। प्रशासन ने एक दिन पहले फिरोज के परिवार के मकान के आगे की दीवार पर लाल स्याही से अतिक्रमण लिखकर चिह्नित किया है। अब प्रशासन उस पर बुलडोजर चलाने की तैयारी में है।

### ट्रक में भागने वाला इमरान

ट्रक में भागने वाला युवक इमरान है। फिरोज के परिवार के युवक ने बताया कि फिरोज घर के पीछे से भागा है। उसके साथ 8 से 10 जने और भी भाग गए थे। ट्रक में भागने वाला युवक इमरान है। जो उस समय घर आ रहा था। जब उसने पुलिस को देखा तो वह भाग गया। लेकिन वह फिरोज नहीं था, बल्कि इमरान था।

# 110 लीटर हथकड़ शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार : पुलिस ने आरोपियों से तीन मोटर साइकिल भी किए जब्त

बढ़ता राजस्थान

**गोविंदगढ़ /अलवर ( नि.स. )।** गोविंदगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 110 लीटर अवैध शराब के साथ चार शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब तस्करी करने वाले तस्करों में हडकंप मच गया है। पुलिस ने बताया कि, शराब माफिया पाल सिंह उर्फ विक्की (42) पुत्र हरभजन सिंह, केवल सिंह (35) पुत्र जसवन्त सिंह, पिन्टू (21) उर्फ बिन्दू पुत्र फुम्मन सिंह, सूरज सिंह (21) पुत्र फुम्मन सिंह को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 मोटर साईकिलों को जब्त किया। हथकढ़ शराब माफियाओं के खिलाफ चार मामले दर्ज कर जांच जारी है।

# अपहरण करने वाले दो बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** ज्योति नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक का अपहरण करने वाले दो अपहरण करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा है और साथ ही अपहरण हुए युवक को सकुशल मुक्त कराया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि ज्योति नगर थाना पुलिस ने मानसिंहपुरा टोक रोड निवासी विजय कुमार सैन का 23 जून की देर शाम को अपहरण करने के मामले में करण सिंह निवासी बगड़ जिला झुंझुनू हाल करधनी और दलपत सिंह निवासी सवाई माधोपुर हाल झोटवाड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपियों ने पीड़ित युवक विजय का अपहरण कर निवारू रोड झोटवाड़ा ले जाकर एक कमरे में बंद दिया। जहां आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर घरवालों से फिरौती के पचास हजार रुपये मंगवाए। जिस पर पीड़ित ने किसी जानकार के जरिए मोबाइल से सम्पर्क कर आरोपी करण सिंह के फोन-पे के खाते में बीस हजार रुपये करवाया और बाकी के तीस हजार रुपये मंगवाने का दबाव बना रहे थे। इस पर पुलिस ने बदमाशों की लोकेशन ट्रेस करते हुए आरोपियों को पकड़ा और पीड़ित युवक को उनके चुंगल से मुक्त करवाया।

# जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना 565 दिनों से जारी

## समिति सदस्यों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, 28 जून को सीमेंट प्लांट के गेट नं. 02 के सामने डालेगें महापड़ाव

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( नि.स. )।** अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट मोहनपुरा द्वारा आबादी के नजदीक की जा रही है वी ब्लास्टिंग व चलाये जा रहे कनवर बेल्ट क्रेशर को बंद करवाने एवं पुनर्वास की मांग को लेकर जोधपुरा संघर्ष समिति का पिछले 565 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना निरन्तर जारी हैं। सोमवार को समिति सदस्यों ने सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि लम्बे समय से धरना देने के बावजूद जोधपुरा संघर्ष समिति की समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया गया है। अब थक हार कर ग्रामीणों द्वारा सीमेंट प्लांट के गेट नं. 02 के सामने 28 जून को महापड़ाव डाला जायेगा। इसी प्रकार समिति सदस्यों ने एडीएम योगेश कुमार डागुर, तहसीलदार सौरभ गुर्जर व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक् को भी ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उपाध्यक्ष सतपाल यादव, सचिव कैलाश यादव, जितेंद्र यादव, दिनेश यादव, मोहरसिंह योगी समेत अन्य मौजूद रहे।

# लाखो युवाओं के भविष्य को लेकर युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान



**पाटन( नि.स. )।** जिला कलेक्टर को नीट परीक्षा के रिजल्ट के धांधली को लेकर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष लोकेश मीणा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। और मांग की नीट परिक्षा रद्द हो ।और एनटीए को बेन करे। और लोकेश मीणा ने कहा की ये लाखो युवाओं के भविष्य का मामला है और सरकार इस पर जल्द से जल्द संज्ञान ले और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। और अगर सरकार नीट परिक्षा को रद्द नही करेगी तो जल्द नीमकाथाना में बड़ा प्रदर्शन होगा। इस दौरान एडवोकेट पुष्पेंद्र, अनिल काजला, कमलेश लाका , बृजमोहन , सोनू मीणा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार ठाकुर के अध्यक्षता में आज जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई और आगामी कार्य योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पीएचईडी विभाग से जल जीवन मिशन के तहत किए गए नल कनेक्शन की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा कम प्रगति होने पर नाराजगी जाहिर की, सभी जिला स्तरीय कार्यालयों पर पेयजल कनेक्शन सुनिश्चित करवाने, जिले में पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए गए टैंकरो के ट्रिक की जानकारी लेकर आमजन को पेयजल के लिए किसी भी प्रकार की समस्या ना हो उन्होंने नलकूपों की प्रगति, कंट्रोल रूम में आ रही शिकायतों पर की जा रही कार्रवाई, अवैध जल कनेक्शनों को हटाने के लिए शीघ्र अभियान चलाने तथा पानी की टंकियां को नियमित अंतराल में साफ करने के निर्देश दिए। डागुर ने जेवीवीएनएल की अधीक्षण अभियंता से मानसून पूर्व किए जाने वाले मेंटेनेंस कार्यों को करने, ट्रांसफार्मरों को नियत ऊंचाई तथा स्थान पर रखवाने के निर्देश दिए जिससे बारिश के दौरान करंट फैल जाने के कारण होने वाली अनहोनी घटनाओं से बचाव हो सके। उन्होंने पीएचइडी को दिए जाने वाले विद्युत कनेक्शन की प्रगति के बारे में जानकारी लेकर शीघ्र कनेक्शन देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि काश्तकारों को जले हुए ट्रांसफरों को शीघ्र बदलवाने तथा संबंधित समान एक साथ तथा समय पर देने के निर्देश दिए।

उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी लेकर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए ।उन्होंने सभी पूर्ण सड़कों को रेवेन्यू रिकॉर्ड में दर्ज करवाने के लिए राजस्व विभाग से तालमेल करके रास्तों दर्ज करवाने के लिए कहा ।उन्होंने आयुर्वेद विभाग के अधिकारी से विभाग के वैलनेस सेंटरों का जिला स्तरीय अधिकारियों से निरीक्षण करवाने, वन विभाग से पौधारोपण अभियान के तहत विभिन्न विभागों तथा आमजन को पौधों के वितरण के बारे में जानकारी लेकर विशेष कार्य योजना बनाकर पौधारोपण करवाना सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए ।नगर परिषद अधीक्षक अभियंता को सेनेटरी इंस्पेक्टर अध्यक्षता में टीम बनाकर एक टीम को चार से पांच वार्ड प्रदान साफ-साफ व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। बंद पड़ी अन्नपूर्णा रसोइयों को पुनः शुरू करवाने, रामसिंहपुरा में खराब हो चुकी कचरा-पृथक्करण मशीन को दुरुस्त करवाने के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निजी स्कूलों के संगठन के साथ शीघ्र मीटिंग करवाने के लिए कहा।

मीटिंग के दौरान ट्रिक मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास,सीएमएचओ आशीष सिंह शेखावत, संयुक्त निदेशक (कृषि) एम के जैन, संयुक्त निदेशक (हॉर्टिकल्चर) सरदारमल यादव, जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



# गायत्री शक्तिपीठ का तीन दिवसीय उत्कर्ष कैंप का समापन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** गायत्री शक्तिपीठ पर उत्कर्ष कैंप के तीसरे दिन का शुभारंभ ज्ञानेन्द्र प्रसाद शर्मा ,रजनी शर्मा,बसंत कुकरेजा ,जिला युवा प्रभारी जितेंद्र यादव ,अशोक शर्मा,चंद्रपाल जी द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया । तत्पश्चात सुश्री प्रगति पाराशर ने बच्चों को अच्छी आदतों के बारे में बताया व श्रीज्ञानेन्द्र प्रसाद शर्मा ने गायत्री मंत्र जप से स्वंम के जीवन में हुए अच्छे बदलाव के बारे में जानकारी दी ।मुकेश गुप्ता ने बच्चों को प्रज्ञा योग कराया, दिनेश गुप्ता ने बच्चों को गायत्री महाविद्या के बारे में बताया तथा सत संकल्प पाठ कराया, सेवानिवृत सेनाधिकारी अशोक शर्मा ने बच्चों को देश सेवा के बारे में एवं अनुशासन के बारे में बताया । वरिष्ठ परिजन भोपाल सिंह चौहान ने बच्चों को कलम लगाना, पौधों के लिए गमले तैयार करना सिखाया ।ममता गुप्ता ने रामचरित मानस के सम्बंध में बालकों से प्रश्नोत्तरी की। बालकों को विभिन्न प्रकार के उपहार भी गायत्री शक्तिपीठ से प्रदान किए गए। शांति पाठ के साथ तीन दिवसीय उत्कर्ष शिविर का समापन हुआ।

# आखिर क्यों महफूज नहीं है बेटियां, लगातार दूसरे दिन बच्ची अपहरण की नाकाम कोशिश

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** आखिर क्यों महफूज नहीं है बेटियां, जहां सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जोर दे रही हैं हाल ही में राजस्थान सरकार ने जहां नारी सशक्तिकरण के चलते 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया है। तो वहीं कस्बे में सोमवार को दूसरे दिन भी बच्ची के अपहरण की घटना सामने आई हैं।

हरसोरा थाना क्षेत्र के ग्राम भग्गू का बास में अपनें घर के बाहर खेल रही एक 20 माह की बच्ची को किडनैप कर ले जा रहें एक किडनैपर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। बच्ची के पिता महेंद्र चंडीगढ़ पुलिस में कार्यरत हैं उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह परिजनों ने फोन पर राधिका के किडनैप व किडनैपर के पकड़े जानें की सूचना दी। मौके पर पहुंची हरसौरा थाना पुलिस ने किडनैपर को गिरफ्तार कर लिया। तों वही थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह बच्ची का अपहरण करतें हुए ग्रामीणों द्वारा अपरहण कर्ता कों पकड़े जाने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देवशन निवासी किडनैपर रतनलाल गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया हैं।

पुलिस फिलहाल किडनैपर सें पूछताछ कर रहीं हैं। इससे एक दिन पूर्व शनिवार को ग्राम हमीरपुर से भी बच्ची के अपहरण की घटना सामने आई थी वहां भी ग्रामीणों ने अपहरण कर्ता को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था।

# डाबला रोड के लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

बढ़ता राजस्थान



**पाटन ( नि.स. )।** कस्बे के डाबला रोड पर स्थित सार्वजनिक कबीर आश्रम में निर्माणधीन मकान को वन विभाग द्वारा अनाधिकृत ढंग से धवस्त करने पर डाबला रोड निवासियों ने वन विभाग की कार्यशैली का विरोध करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया है, तथा विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। कबीर आश्रम के मंहत धन्ना दास महाराज ने बताया कि आश्रम में निर्माणधीन मकान को वन विभाग पाटन द्वारा अनाधिकृत ढंग से ध्वस्त कर दिया गया है, जबकि कबीर आश्रम 70 वर्षो से चल रहा है। क्षेत्र एवं ग्रामवासियों की आस्था का केंद्र है। मंदिर के निर्माणधीन परिसर में मकान कार्य प्रगति पर था परंतु वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा बिगर सूचित किये ही मकान को ध्वस्त कर दिया। इस आश्रम के प्रति आसपास के लोगों की आस्था भी जुड़ी हुई है।

वन विभाग द्वारा इस कार्यवाही से समस्त ग्रामवासी काफी आक्रोशित और दुखी है। आश्रम मंहत एवं लोगों ने जिला कलेक्टर से गुहार लगाई है कि सम्पूर्ण कार्यवाही की जांच करवा कर वन विभाग के अधिकारियों को पाबंद किया जाए एवं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। क्योंकि वन विभाग के कर्मचारी कहतें हैं कि जिस जमीन में आप लोगों के मकान बने हुए हैं यह भूमि वन विभाग की है इसके चलते लोगों के मन में डर का माहौल बना हुआ है, आप इसकी जांच करवा कर नियमानुसार कार्रवाई करें, जिससे गरीब लोगों के मन में बैठा हुआ डर बाहर निकल सके। इस दौरान हजारी लाल देहरान, रोशन लाल खर्रा, संजय कुमावत, सांवता राम गुर्जर, जयराम गुर्जर, संजीव कंपाउंडर, विक्रम सिंह किशोरपुरा, जितेंद्र गुर्जर, सोनू कुमावत, कैलाश नायक, महेंद्र कुमावत, कैलाश कुमावत, विजय खटीक, कैलाश खटीक सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# बीसीएमओ ने विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का किया निरीक्षण पल्स पोलियो महाभियान को लेकर बैठक आज

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** बीसीएमओ डॉ. पूरणचन्द गुर्जर ने सोमवार को उपस्वास्थ्य केन्द्र चतुर्भुज, फतेहपुरा, जगदीशपुरा व पीएचसी बसई का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर, स्वास्थ्य केन्द्र की साफ-सफाई, दवा वितरण, आरसीएच रजिस्टर, परिवार कल्याण सेवायें आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुये कहा कि सभी कार्मिक निर्धारित समय पर ड्रेस व आईडी कार्ड के संस्थान में उपस्थित होकर आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवायें उपलब्ध करवायें। ग्राम बसई के ग्रामीणों द्वारा बीसीएमओ को पीएचसी बसई हेतु जमीन आवंटन कर चिकित्सा संस्थान के भवन निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीणों के साथ बीसीएमओ ने चिकित्सा संस्थान के जमीन चिन्हिकरण को लेकर मौका मुआयना किया। ग्रामीणों की मांग पर बीसीएमओ द्वारा पीएचसी बसई के भवन निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिये उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया है। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थिति मिले कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

**पल्स पोलियो महाभियान को लेकर बैठक मंगलवार को :** आगामी 30 जून को प्रस्तावित पल्स पोलियो महाभियान को लेकर जिला कलक्टर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मंगलवार को ब्लॉक स्तर पर बैठक का आयोजन किया जायेगा।

जिसमें समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को पल्स पोलियों महाअभियान का अपडेट माईक्रोप्लान, हाई रिस्क एरिया की सूची, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की संख्या, संस्थान के डीप फीजर, आई.एल.आर., कोल्ड बॉक्स, ठीक प्रकार से कार्य कर रहे है या नहीं की सूचना, वैक्सीन कैरियर की उपलब्धता, आवश्यकतानुसार आईएस पैक की उपलब्धता सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये। बीसीएमओ ने बताया कि पल्स पोलियों महाअभियान में 0 से 5 वर्ष के 45638 बच्चों को खण्ड के अधिन 420 बूथों पर 840 टीकाकर्मियों,15 ट्रांजिट टीमों, 61 मोबाईल टीमों व 54 सुपरवाईजरों द्वारा पोलियों की खुराक पिलाई जायेगी।

# ग्राम रामसिंहपुरा के ग्रामीणों ने 24 घंटे सिंगल फेस बिजली सप्लाई की मांग को लेकर ज्ञापन दिया

### समाधान नहीं होने पर प्रदर्शन करने की दी चेतावनी



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** गांव रामसिंहपुरा के ग्रामीणों ने सोमवार को 220 केवी जीएसएस रामसिंहपुरा के एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें सिंगल फेस की 24 घंटे बिजली सप्लाई की जाए जाने की मांग की गई ।ग्रामीण अनीश यादव ने बताया कि 220 केवी जीएसएस बनाने के लिए रामसिंहपुरा के ग्रामीणों ने 25 बीघा जमीन उपलब्ध करवाई थी, लेकिन उन्हें 24 घंटे सिंगल फेस बिजली सप्लाई नहीं मिल रही। जिसके कारण परेशान होना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि यदि समस्या का समाधान 24 घंटे में नहीं हुआ तो ग्रामीण 220 केवी जीएसएस बन्द करके उग्र प्रदर्शन करेंगे ।इस दौरान अमित, मनोज कुमार, राजेश, गोवर्धन, सत्यनारायण, महेश कुमार, सुंदरलाल, सत्यप्रकाश, सतीश, नरेश कुमार, जसवंत सिंह यादव और यशपाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# वनस्पति शास्त्र के विद्यार्थी ने लहराया परचम




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( नि.स. )।** कस्बे के लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर. के. सिंह ने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय,जयपुर द्वारा आयोजित 33 वॉ दीक्षांत समरोह में महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग के छात्र रितिक शर्मा पुत्र दिलीप कुमार शर्मा, मो. बाछडी ने गोल्ड मैडल प्राप्त कर महाविद्यालय के साथ अपने परिवार का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय परिवार ने छात्र रितिक शर्मा को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा गोल्ड मैडल प्राप्त करने पर पिता व पुत्र दोनो को बधाई दी। इस मौके पर वनस्पतिशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित शर्मा के साथ सेवानिवृत डॉ. एस.पी सिंह ने छात्र रितिक शर्मा को भविष्य में मार्गदशन के लिए सदैव तत्पर रहेगे।

# मन स्वस्थ तो तन स्वस्थ-मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** राजस्थान विश्वविद्यालय महिला संस्था 'रूवा' द्वारा संचालित 'इंटर्नशिप ट्रेनिंग कार्यक्रम' के तहत मेडिकल एवं हैल्थ प्रकोष्ठ ,रूवा द्वारा डॉ मालती गुप्ता, पूर्व विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक सर्जरी, सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज एवं कन्वेनर, रूवा, मेडिकल एवं हैल्थ प्रकोष्ठ, के निर्देशन में तथा अन्य संस्थाओं के इन्टर्नस के लिए दिनांक 24 जून को मानसिक स्वास्थ्य विषय के संदर्भ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए । सर्वप्रथम इन्टर्नस को आदर्श नगर स्थित सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के साइकियाट्रिक सेंटर की विजिट के लिए ले जाया गया, जहां प्रोफेसर डॉ ललित बत्रा, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट एवं प्रोफेसर डॉ गुंजन सोलंकी की टीम के सदस्यों ने एक साइकियाट्रिक केंद्र के संचालन, एवं विभिन्न गतिविधियों के विषय में जानकारी उपलब्ध करवाई। तदोपरांत सोमवार के कार्यक्रम की मुख्यवक्ता , डॉ. अनामिका पापड़ीवाल, शहर की प्रसिद्ध साइकोथैरेपिस्ट एवं काउन्सलर, ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता विषय पर इन्टर्नस को संबोधित किया तथा उनके द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए।

डॉ अनामिका ने बढ़ते हुए आत्महत्या के केसों पर चिंता जताते हुए बताया कि मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता का मतलब उन कार्यों से है जिनका उद्देश्य व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करके, सामाजिक कलंक को तोड़कर मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही मॉडल तैयार करना है। कार्यक्रम में सराहनीय सहयोग, कविता श्रीवास्तव , राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रोफेसर डॉ ललित बत्रा , मेडिकल सुपरिंटेंडेंट , साइकाइट्री सेन्टर,,प्रोफेसर गुंजन सोलंकी, साइकाइट्री विभाग , डॉ शशिलता पुरी, अध्यक्ष रूवा, ,डॉ शशि उपाध्याय, सचिव , रूवा एवं इंटर्न ट्रेनिंग प्रोग्राम कोऑर्डीनेटर, दिव्या शर्मा,प्रोग्राम कोऑर्डीनेटर, मेडिकल एवं हैल्थ सेल,रूवा एवं प्रोफेसर प्रेरणा पुरी,अशोक नगर थाना, का रहा।

# नीट को निरस्त करने की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, गुंजल, चांदना सहित कई नेता गिरफ्तार




बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** नीट परीक्षा, कानून-व्यवस्था, बिजली पानी समेत अन्य कई मुद्दों को लेकर सोमवार को कांग्रेस ने कोटा में प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन से पहले सर्किट हाउस पर सभा आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राज्य विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली शामिल हुए. इधर, सभा के बाद प्रदर्शन के लिए कांग्रेसी नेता कलेक्ट्रेट पहुंचे, जिनका नेतृत्व पार्टी नेता प्रहलाद गुंजल और हिंडोली विधायक व पूर्व मंत्री अशोक चांदना ने किया। कलेक्टर चौराहे पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस एसटीएफ सहित आरएसी की कंपनियां तैनात थी, जहां प्रहलाद गुंजल और अशोक चांदना के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ गए. करीब 5 मिनट तक चली इस मशक्कत में पुलिस ने वाटर कैनन का उपयोग करते हुए भीड़ को खदेड़ने का प्रयास किया, लेकिन फिर भी भीड़ चौराहे से नहीं हटी. उसके बाद पुलिस ने गुंजल, चांदना, प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष राखी गौतम सहित कई अन्य नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। इस प्रदर्शन में विधायक शांति धारीवाल और पूर्व विधायक भरत सिंह शामिल नहीं हुए। जबकि इसमें कोटा बूंदी सीट से आने वाले सभी नेता शामिल हुए थे। प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले नेताओं में मुख्य तौर पर कोटा जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, देहात जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, बूंदी जिला अध्यक्ष और विधायक सीएल प्रेमी, पीपल्दा विधायक चेतन पटेल कोलाना, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, पूर्व सांसद रामनारायण मीणा, लाडपुरा प्रधान नईमुद्दीन गुड्डू सहित कई नेता मौजूद रहे।

### चुनावों में हार को पचा नहीं पा रही कांग्रेस, अपनी कुनीति, जनविरोधी समझौतों को ढांकने की नाकाम कोशिश है प्रदर्शन: ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर



ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कांग्रेस के प्रदर्शन को फ्लॉप शो और नैतिकताविहीन बताया है। ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा में चुनावी हार को कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। इस प्रकार के प्रदर्शन के द्वारा कांग्रेस अपनी कुनीति और जनविरोधी समझौतों को ढांकने का काम करना चाहती है। कांग्रेस जनता को बरगलाने की कोशिश कर रही है। जिन मुद्दों पर कांग्रेस को बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं, उनको उठाकर जनता को मूर्ख बनाने की नाकाम कोशिश कर रही है। मंत्री नागर ने कहा कि राजस्थान में बिजली संकट कांग्रेस की देन है। कांग्रेस के कुप्रबंधन और गलत प्रतिबद्धताओं के कारण राजस्थान से बिजली दूसरे राज्यों को देनी पड़ रही है। कांग्रेस के जनविरोधी समझौतों के कारण ही जनता ने आज विपक्ष में बिठा दिया है। इसके बावजूद भाजपा सरकार द्वारा राजस्थान में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए गंभीर प्रयास किए गए हैं। प्रदेश में बिजली संकट को दूर करने के लिए स्थाई व्यवस्थाएं हुई हैं। जिसके परिणाम भी दिखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गहलोत सरकार में राजस्थान में जो पेपर लीक हुए उसके जख्मों को राजस्थान का युवा अभी भी महसूस कर रहा है। कांग्रेस पेपर लीक पर बोलने का नैतिक अधिकार बहुत पहले खो चुकी थी। कांग्रेस के कारनामों को वर्तमान सरकार ने उजागर करने का काम किया है। कांग्रेस के समय की हुई लगभग सभी भर्तियों में जो फर्जीवाड़ा हुआ वह अब सामने आ रहा है। नीट परीक्षा पर सरकार ने जांच बिठाई है और सभी दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। मंत्री नागर ने कहा कि ईआरसीपी को लेकर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार जनता को गुमराह करती रही। अब सरकार ने ईआरसीएपी परियोजना को मंजूरी दी है। जो जल्दी ही साकार रूप लेगी। केंद्र की मोदी सरकार और राजस्थान की भजनलाल सरकार मिलकर हर खेत को पानी और हर घर को नल से जल देने का काम करेगी।

# प्रदेश के हालात खराब-भाजपा नाकामयाब : नेता प्रतिपक्ष



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/कोटा।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा सरकार की नाकामी के खिलाफ कोटा में आयोजित कांग्रेस पार्टी के प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर तीखा हमला बोला।

जूली बोले प्रदेश और देश के हालात बेहद खराब हो गए हैं नीट परीक्षा में धांधली, कानून व्यवस्था चौपट,पानी बिजली की समस्या से लोग परेशान, महिला अत्याचार का बढ़ा ग्राफ और अवैध खनन पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरी तरह फेल साबित हो गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है,जब पानी,बिजली व्यवस्था सहित लगभग सभी पॉइंट पर सरकार की व्यवस्थाएं चौपट हो गई है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को नसीहत देते हुए कहा कि संविधान के रखवाले किसी के इशारे पर नहीं नाचे, नाचने वाले अधिकारियों की विधानसभा में पेशी लगवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में हो रही धांधली पर भाजपा के नुमाइंदे इसे योगकाल कह रहे हैं जबकि यह बड़े स्तर का रैकेट है जो देश को विनाश की ओर अग्रसर कर कर रहा है। उन्होंने कहा कि अपना एक समय का निवाला छोड़कर अपने बच्चों को पढ़ाने वाले अभिभावकों के पेपर लीक के बाद पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ ईट से ईंट बजा देगा। उन्होंने कहा कि साम दाम दंड भेद से कांग्रेस के जीते हुए अधिकांश कैंडिडेट को सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर भाजपा नेताओं के इशारे पर हरवाया गया। उन्होंने कहा कि जनता के हक की आवाज के लिए मजबूती के साथ विपक्ष सड़क से सदन तक उनकी हकों की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि ईडी जैसी सरकारी मशीनरी से अब लोगों का भरोसा उठ गया है जिस तरह एक सरकार के इशारे पर इन्होंने कार्रवाई कर भय का माहौल बनाया उतनी ही बेकद्री सरकारी एजेंसियों की हुई है।

## सामाजिक संस्था टीम मंजूश्री स्नेह संस्थान के तत्वाधान में मंगलवार को होगा पांचवा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के सबसे बड़े सरकारी ब्लड बैंक में चल रही रक्त की कमी को पूर्ण करने व रक्तदान के प्रति आमजन में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य हेतु प्रेरणास्त्रोत स्व.मंजुलता मोमिया की जन्मतिथि पर मंगलवार को पांचवा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन श्री पार्श्वनाथ भवन पिपली बाजार में आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविर में सभी रक्तदाताओं तथा उत्कृष्ट करने वाली शहर की सामाजिक संस्थाओं को प्रशाति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा साथ ही 40 वर्षो से श्री शांतिनाथ औषधालय में निशुल्क सेवा देकर 3 लाख से ज्यादा मरीजों को राहत पहुंचाने वैध महेश चंद शर्मा व खुद चोटिल होकर अपनी जान की परवाह किये बिना ढाई साल की मासूम बच्ची की जान बचाने वाले वीर सरदार बलविंदर सिंह व सरदार तारासिंह , पूरे वर्ष में 300 से ज्यादा न्यूरो के मरीज का इलाज करने तथा आप डॉ. रामसेवक योगी के अथक प्रयासों से न्यूरो के सीरियस मरीज का इलाज भी झालावाड़ में संभव हुआ है , जिले के सेकड़ो बच्चो को निशुल्क तैराकी सीखाने वाले समाजसेवी अंतरिक्ष माथुर व पूरी टीम, समाज सेवा के क्षेत्र में तूफान जी गुर्जर, श्री कृष्ण गौशाला के अध्यक्ष दिलीप मित्तल को सम्मानित त किया जाएगा। आयोजक मोमिया परिवार व टीम मंजुश्रीस्नेहसंस्थान के सदस्यों ने आमजन से रक्तदान शिविर में आकर रक्तदान कर शिविर सफल बनाये जिससे जरूरतमंद थैलीसीमिया बच्चे , दुर्घटना , डिलीवरी में माताओ बहनों को रक्त की जरूरत की पूर्ति की जा सके।

## बूंदी के 783 वें स्थापना दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

### पौधे लगाओ, बूंदी सजाओ अभियान कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, (नि.स.)।** 783वें बूंदी स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः की बेला में नागर सागर कुंड पर शहनाई वादन के साथ हुई। ऐतिहासिक चौगान दरवाजे के पास स्थित नागर सागर कुंड पर भारतीय सांस्कृतिक निधि की ओर से शहनाई की समधुर धुनों के साथ ही कार्यक्रमों का सिलसिला बढ़ा। इसके बाद गढ़ पैलेस स्थित गणेश जी की पंडित विश्वनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार व पंचामृत से स्नान कराकर जिला प्रमुख चंद्रावती कंवर, जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, व राजपरिवार के पूर्व सदस्य वंश वर्धन सिंह ने आरती कर जन कल्याण की कामना की। इस दौरान सहायक पर्यटन अधिकारी प्रेम शंकर सैनी, समाजसेवी पुरुषोत्तम पारीक, के सी वर्मा, इंटेक चैप्टर संयोजक राजकुमार दाधीच, अशोक शर्मा, हनुमान शर्मा,राजेंद्र शर्मा, पंडित रघुनंदन राज , देवस्थान विभाग मैनेजर राम सिंह, गढ़ गणेश के पुजारी विश्वनाथ शर्मा सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### संस्कृत विद्यालय छत्रपुरा में किया पौधारोपण

बूंदी के 783 वे स्थापना दिवस के मौके पर पौधे लगाओ, बूंदी सजाओ अभियान के तहत संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल छत्रपुरा में 51 पौधारोपण किया गया। पौधे लगाओ बूंदी सजाओ अभियान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर घनश्याम शर्मा रहे। अध्यक्षता पूर्व राजपरिवार सदस्य वंशवर्धन सिंह ने की। कार्यक्रम संजीव शर्मा उपवन संरक्षक व रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व, विनय यादव,, पूर्व राजपरिवार सदस्य बलभद्र सिंह कापरेन , मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महावीर शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र व्यास, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम गोस्वामी रहे। पौधे लगाओ बूंदी सजाओ अभियान के कार्यक्रम का संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक ने किया।

## जिला कलक्टर ने ली पानी, बिजली चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, (नि.स.)।** पानी, बिजली एवं मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें पेयजल उपलब्धता, बिजली आपूर्ति व्यवस्था एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिए कि खरीफ फसल बीमा योजना 2023 के तहत उड़द फसल खराबे के बीमा क्लेम के शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए बीमा कंपनी से समन्वय करें । उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो। इसके अलावा कृषि कनेक्शन जारी करने के कार्य में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतें और राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमानुसार कनेक्शन जारी करने की कार्यवाही की जावे।

# विद्यालय के प्राचार्य का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम शुरू

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत विद्यालय के प्राचार्य को राजकीय नियमों एवं विभिन्न विभागों की कार्य योजना के प्रभावी निराकरण के लिए हरिशचंद्र माथुर लोक प्रशिक्षण संस्थान ओटीएस में विद्यालय के प्राचार्य का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 जून तक चलेगा। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर रहे। उन्होंने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में सुधार लाकर बच्चों में सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार अच्छे नागरिक बनाना हमारा मूल उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय के सभी शिक्षकों को समय का पालन विद्यालय परिसर में साफ सफाई बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना लक्ष्य बनाना होगा। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों को शिक्षक के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी जागरूक करना होगा उन्होंने कहा कि पेड़ की कमी से तापमान में अभिवृद्धि हो रही है इसके लिए हम सभी को मिलकर पेड़ लगाने होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आगामी 8 अगस्त को अमृत पर्यावरण दिवस के रूप में मनाने जा रहा है जिसमें हम सभी को मिलकर प्रत्येक विद्यालय द्वारा पौधारोपण किया जाएगा।। उन्होंने कहा कि लगाई जाने वाले पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी संस्था प्रधान की होगी। उन्होंने कहा कि सभी संस्था प्रधानों को अपने-अपने विद्यालय में नवाचार को अपनाने की आवश्यकता है जिससे बच्चे स्किल डेवलपमेंट की दिशा में आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा को रोजगार परक बनाना होगा ताकि बच्चे अपनी पढ़ाई के उपरांत रोजगार कर परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करे।

**शिक्षा मंत्री ने किया पौधारोपण :** प्रशिक्षण कार्यक्रम के पश्चात पंचायत राज एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने ओटीएस परिसर में ही पौधारोपण किया। साथ ही इस पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी ओटीएस के अधिकारियों कर्मचारियों को शॉपिंग उन्होंने कहा कि आने वाली वर्षा ऋतु में भी अधिक से अधिक संख्या में पेड़ पौधे लगाकर इस मानव जीवन को बचाने की दिशा में सकारात्मक का दाम उठाएंगे।

## सद्बुद्धि यज्ञ का सफल आयोजन शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आदिवासी समाज के खिलाफ दिए गए अपमानजनक बयान के विरोध में केशवपुरा सर्कल पर सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में रामगंजमंडी विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र राजोरिया, चंदालाल चकवाला, गिर्राज मीना, चेतन सोलंकी,चेतन यादव ,रामचरण, योगेश, केशव, जैन, राजकुमार भोला, पवन लुहावद, रजनीश मीना और प्रमोद चतरपुरा सहित मीणा समाज, भील समाज और गरासिया समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। हवन सामग्री के साथ बीच चौराहे पर हवन किया गया और भगवान से प्रार्थना की गई कि मदन दिलावर को सद्बुद्धि प्रदान करें। आयोजन के दौरान, शिक्षा मंत्री के पद से दिलावर के इस्तीफे की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि जब तक वह इस्तीफा नहीं देंगे, तब तक विरोध प्रदर्शन विभिन्न रूपों में और विभिन्न स्थानों पर चलता रहेगा।

वक्ताओं ने यह भी उल्लेख किया कि दिलावर ने पहले भी किसान और गुर्जर समाज के खिलाफ अपमानजनक बयान दिए हैं, जो उनकी विभाजनकारी राजनीति का उदाहरण हैं।

इस यज्ञ के माध्यम से सभी ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि आदिवासी समाज अपने सम्मान की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है और अन्याय के खिलाफ हमेशा संघर्ष करेगा।

## स्व. मदन लाल सैनी सादगी और अनुशासन की प्रतिमूर्ति थे : डॉ दुर्गा शंकर सैनी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/जयपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद स्व मदन लाल सैनी की पांचवी पुण्य तिथि पर पुष्पांजलि और पर्यावरण रक्षा की शपथ के साथ पौधारोपण महाअभियान की शुरूआत की गई। इसके साथ ही जेके लोन अस्पताल में मरीज के परिजनों को दाल चावल व नुकती का प्रसाद वितरण किया गया। सादगी की मिसाल मदन लाल सैनी की पांचवी पुण्य तिथि पर गणेश तालाब स्थित सुमन भारती सीनियर सेकेंड्री स्कूल में परिवारजन प्रबुद्धजन एवं सर्व समाज द्वारा स्व. सैनी के छाया चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया। स्व. सैनी अमर रहे अमर रहे के नारे के बीच सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और श्रद्धा से याद किया और उनके पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा ली। पुण्यतिथि पर पौधारोपण और पर्यावरण रक्षा की शपथ दिलाई और पौधारोपण महाअभियान की शुरूआत की गई।

## कोटा डिवीजनल नेत्र सोसायटी की सीएमई सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** कोटा डिवीजनल नेत्र सोसायटी की ओर से सीएमई आयोजित की गयी। इस सीएमई कार्यक्रम में डॉ वीरेंद्र लेजर एंड फेको सर्जरी सेंटर जयपुर के डायरेक्टर डॉक्टर वीरेंद्र अग्रवाल, सुवि नेत्र चिकित्सालय कोटा के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय एवं मेडिकल कॉलेज कोटा के नेत्र विभाग की डॉ. वंशिका ने वीडियो प्रेजेन्टेशन के माध्यम से नेत्र चिकित्सा क्षेत्र में अपना-अपना अनुभव साझा किया। केडीओएस के अध्यक्ष डॉ. अशोक मीणा एवं सचिव डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि इस सीएमई कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अग्रवाल ने मोतियाबिंद के आधुनिक ऑपरेशन में प्रत्यारोपण किया जाने वाले आधुनिक लेंसो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आधुनिक लेंसो को प्रीमियम लेंस भी कहते हैं। प्रीमियम लेंस लगाने से पहले आंखों की विशेष जांच की जाती है। जैसे ऑप्टिकल कोहरेंस टोमोग्राफी, कॉर्नियल टोपोग्राफी एवं ऑप्टिकल बायोमैट्री। उन्होंने प्रीमियम लेंस लगाने के बारे में विस्तार से अपना अनुभव साझा किया। डॉ. पाण्डेय ने लैन्स प्रत्यारोपण की विभिन्न पद्धतियों का अपना विस्तृत अनुभव साझा किया। उन्होंनें बताया कि फेकिक लैन्स प्रत्यारोपण उन रोगियों के लिए वरदान है जिनका लेसिक लेज़र सर्जरी के द्वारा हटाया जाना संभव नहीं होता है। फेकिक लैन्स के माध्यम से माइनस 3 से माइनस 30 डायोप्टर तक का मायोपिया करेक्ट हो जाता है और माइनस 10 नम्बर का सिलिण्ड्रीकल (तिरछा नम्बर) एस्टीगेटिज्म भी करेक्ट हो सकता है। अध्यक्ष डॉ अशोक मीणा ने बताया कि। मेडिकल कॉलेज की रेजिडेंट डॉ वंशिका ने प्रेजेंटेशन के माध्यम ऑप्टिकल कोहरेंस टोमोग्राफी के बारे में विस्तार से जानकारी दी ! रेटिना की बीमारियां जैसे डायबीटिक रेटिनोपैथी आदि की जांच एवं इलाज के लिए ओटीसी करना अति आवश्यक है। जिससे बीमारी को सही तरीके से पहचाना जा सके एवं। एवं समय पर इलाज हो सके। सीएमई के अंत में प्रश्नोत्तर सेशन के दौरान चिकित्सकों ने अपने प्रश्न पूछे, जिनका नेत्रद्व चिकित्सकों ने जवाब दिया और सीएमई कार्यक्रम में कोटा डिवीजनल नेत्र सोसायटी के सदस्यों के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज कोटा के नेत्र विभाग के रेजीडेन्ट्स भी उपस्थित थे। केडीओएस सीएमई कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनीता ने किया।

## रोटरी क्लब कोटा को मिला प्रान्त के बेस्ट क्लब का अवार्ड




बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** रोटरी क्लब कोटा को बेस्ट क्लब और सीए प्रीतम कुमार गोस्वामी को बेस्ट प्रेसीडेंट का अवार्ड मिला है। साथ ही, दीपक मेहता को बेस्ट सेक्रेटरी के अवार्ड से अलंकृत किया गया है। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 अवार्ड (सत्र 2023 -24 ) सेरेमनी का आयोजन भीलवाड़ा में हुआ। क्लब सचिव दीपक मेहता ने बताया कि पूरे डिस्ट्रिक्ट के 90 क्लब के सेवा कार्यक्रमों का अवलोकन करने के बाद प्रांतपाल निर्मल कुणावत द्वारा कोटा चेप्टर को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया है। अन्य कैटेगरीज में बेस्ट पब्लिक रिलेशन प्रोजेक्ट, बेस्ट मेडिकल प्रोजेक्ट, बेस्ट एन्वॉयरमेंट प्रोजेक्ट, बेस्ट परमानेंट प्रोजेक्ट, बेस्ट हैप्पी स्कूल प्रोजेक्ट - देवनारायण रोटरी पब्लिक स्कूल, अवार्ड फॉर मेम्बरशिप ग्रोथ, अवार्ड फॉर प्रोग्राम विथ अदर आर्गेनाइजेशन, कम्युनिटी सर्विस अवार्ड, वोकेशनल सर्विस अवार्ड, बेस्ट चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, वीवी काला अवार्ड फॉर हेल्थ केयर एवं रोटरी फाउंडेशन रिकग्निशन अवार्ड दिए गए। क्लब ट्रेझर नीरज अग्रवाल ने बताया कि इंडिविजुअल कैटेगरीज में एससी अग्रवाल को इंटरनेशनल अवार्ड फॉर पोलियो इरादिकेशन, आगामी प्रांतपाल प्रज्ञा मेहता को एवेनयू ऑफ सर्विस अवार्ड दिया गया। डिस्ट्रिक्ट आउटस्टैंडिंग ऑफिसर्स अवार्ड में रोटरी क्लब कोटा के गोपाल सपरा, बीएल गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, मुकेश व्यास एवं स्पाउस इन सोशल सर्विस ममता पाटनी को नवाजा गया। क्लब की ओर से आगामी प्रान्तपाल प्रज्ञा मेहता, अध्यक्ष प्रीतम गोस्वामी, पूर्व अध्यक्ष बीएल गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, मनोज सोनी, नीरज अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, राजीव मेहता ने मंच पर जाकर पुरस्कार ग्रहण किए। रोटरी क्लब कोटा को प्रान्त के 90 क्लबों में से कुल 31 अवार्ड अपने नाम किए।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# राजस्थान में सोने के भंडारः बांसवाड़ा में मिला 222.39 टन सोना

## जगपुरा स्वर्ण खदान की हुई नीलामी, रतलाम की फर्म को मिला लाईसेंस

बढ़ता राजस्थान

**बांसवाड़ा( नि.स. )।** अब मरुधरा सोनधरा होने जा रही है। राजस्थान सरकार ने बांसवाड़ा में स्वर्ण और अयस्क खनन के लिए भुखिया-जगपुरा खनन ब्लॉक की नीलामी की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसका लाइसेंस रतलाम की सैयद ओवैस अली फर्म को मिला है। जिसके चलते देश में कर्नाटक, आंध्रप्रदेश और झारखंड के बाद राजस्थान चौथा राज्य होगा। जहां सोने का खनन होगा। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार इस क्षेत्र में सोने के धातु की मात्रा 222.39 टन आंकी गई है। खनिज अभियंता गौरव मीणा ने बताया कि बांसवाड़ा के घाटोल उपखंड में खदान के लिए दो ब्लॉक भूकिया - जगपुरा आवंटित किए गए थे। गत दिनों दोनों ब्लॉक के लिए तकनीकी बिड खुलने के बाद अब स्वर्ण खनन के लिए लाइसेंस दे दिया गया है। भुखिया-जगपुरा स्वर्ण ब्लॉक के माइनिंग लाइसेंस के लिए बड़ी कंपनियों के बीच कड़ी स्पर्धा रही। इसमें रतलाम की कंपनी ने 65.30 प्रतिशत की बोली लगाई और स्वर्ण खनन के लिए ब्लॉक अपने नाम किया।

### कांकरिया गारा ब्लॉक का भी लाइसेंस जल्द

राजस्थान के बांसवाड़ा में स्वर्ण खनन के लिए आवंटित दो ब्लॉक में से भूखिया-जगपुरा के लिए लाइसेंस दे दिया गया है। जबकि दूसरे ब्लॉक कांकरिया गारा गोल्ड के कंपोजिट लाइसेंस के लिए 5 कंपनियां आई हैं। इसमें अहमदाबाद की हीराकुंड नेचुरल रिसोर्सेस लिमिटेड, मुंबई की पोद्दार डायमंड प्राइवेट लिमिटेड, रतलाम की ओवैस मेटल एंड मिनरल्स प्रोसेसिंग लिमिटेड, उदयपुर की हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और कानपुर की जेके सीमेंट लिमिटेड में प्रतिस्पर्धा हैं।

### मिलेगा रोजगार

भू-वैज्ञानिकों के मुताबिक इस क्षेत्र में 940.26 हैक्टेयर क्षेत्रफल में 113.52 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क का आरंभिक आकलन किया गया है। जिसमें सोने के धातु की मात्रा 222.39 टन आंकी गई है। वहीं कांकरिया गारा में 205 हैक्टेयर में 1.24 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क संभावित है। इन सोने की खदानों से सोने के साथ अन्य सह खनिज भी निकलेंगे। बांसवाड़ा जिले में स्वर्ण खनन से इलेक्ट्रॉनिक, पेट्रोलियम, पैट्रोकैमिकल्स, बैटरी, एयर बैग सहित कई उद्योगों में नए निवेश के साथ ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अप्रत्याशित अवसर विकसित होने की संभावना है।



# रील अपलोड कर प्रेमी जोड़ा फंदे से झूला

### युवक शादीशुदा और लड़की नाबालिग



बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर( नि.स. )।** शादीशुदा युवक और नाबालिग लड़की ने पहले तो पेड़ की डाल पर बैठकर रील बनाई। इसके बाद युवक ने वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट (इंस्टाग्राम) से पोस्ट किया। बाद में दोनों लोहे के तार का फंदा बनाकर उसी डाल से झूल गए। दोनों की मौत हो गई। मामला बाड़मेर के नागाणा थाना इलाके के गांव बांदरासर का है। घटना शनिवार देर रात हुई, रविवार को इंस्टाग्राम पर रील देखकर परिजनों को पता लगा।

नाबालिग लड़की चौहटन थाना इलाके के एक गांव की रहने वाली थी। शनिवार रात लड़की और खरथाराम (25) पुत्र उम्मेदाराम ने एक साथ फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शव नागाणा हॉस्पिटल की मोर्चरी में हैं। युवक खरथाराम शादीशुदा था और उसके एक बेटा भी है।पुलिस ने बताया कि चौहटन थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार लड़की की चचेरी बहन ने उसका परिचय खरथाराम से कराया था। शुक्रवार 21 जून की रात 2 बजे चचेरी बहन ने खरथाराम को बुलाया। खरथाराम बाइक लेकर आया। इसके बाद चचेरी बहन ने लड़की को बाइक पर खरथाराम के साथ भेज दिया। परिवार के लोग शनिवार दिनभर उसे तलाशते रहे। चचेरी बहन से पूछा तो उसने खरथाराम के साथ जाने की बात कही।

## कुए में पुरानी लाश मिलने से फैली सनसनी

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के लाम्बाहरिसिंह पुलिस िाना क्षैत्र के झाड़ली गांव के एक कुए में पाच छ दिन युवक लाश तेरती दिखाई देने से समूचे गांव में सनसनी फैल गई।
मामले के अनुसार सोमवार को सुबह सवेरे ग्रामीणो ने गांव के एक सार्वजनिक कुए में कुए में एक युवक की लाश तेरती दिखाई दी। कुए में लाश होने की बात समूचे गांव में आग की तरह फैल गई और ग्रामीण आश्चर्य में पड़ गए। वहीं कुछ जागरूक ग्रामीणो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के साथ ही लाम्बाहरिसिंह पुलिस मौके पर पहुंच कर ग्रामीणो की सहायता से लाश को बाहर निकाल शिनाख्त करवाने का प्रयास किया। लेकिन किसी ग्रामीण द्वारा शिनाख्त नहीं किए जाने के चलते पुलिस ने लाश को लाम्बाहरिसिंह स्थित सरकारी अस्पताल के मोर्चरी में रखवा कर लाश के शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है।

## लुटेरी दुलहन व उसकी मां एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा पुलिस ने एक लुटेरी दुल्हन व उसकी मां को शादी के बाद ससुराल वालो के गहने लूट के मामले में गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां अदालत से दोनो मां बेटी को एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर पुलिस को सौंपा है।
मालपुरा थाना प्रभारी चेनाराम बेड़ा ने बताया कि मालपुरा निवासी रामअवतार सोनी ने 1 अप्रेल 2024 को पुलिस थाने में एक प्रकरण दर्ज कराया। जिसमें बताया कि सांभरलेक निवासी कोमल सोनी व उनके पुत्र विजय सोनी का विवाह हुआ था। विवाह के समय उन्होंने कुछ चांदी व सोने के जेवरात कोमल सोनी को दिए थे। उन्होंने बताया कि कोमल सोनी कुछ दिनो बाद पुत्रवधू के रूप में रही लेकिन कुछ समय बाद कोमल व उसकी मां अनुराधा सोनी मिलीभगत कर धोखधड़ी से जेंवरात व कुछ रूपये हड़प लिए। इस मामले के अनुसंधान अधिकारी रामनारायण एएसआई ने जांच के बाद सामने आया कि कोमल व उसकी मां अनुराधा इससे पहले भी कुछ लोगो से इसी प्रकार शादी कर जेवरात हड़प लिए थे। इसके अलावा शादी के बाद लोगो को दहेत व बलात्कार जैसे झूठे मामले बनाना फसाना उसकी आदत में है। जांच अधिकारी गुर्जर ने कोमल व अनुराधा को सांभरलेक से गिरफ्तार कर सोमवार को अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने दोनो को एक दिन के पुलिस रिमांड पर पुलिस को सौंपा है।

# संघ कार्यकर्ताओं की बल्ले और स्टम्प से पिटाई, रात 1.30 बजे तक थाने पर हंगामा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** भीलवाड़ा में रविवार शाम क्रिकेट की बॉल लगने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के युवकों को बैट और स्टंप से पीट दिया। इसके बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। देर रात 1.30 बजे तक एक पक्ष के लोग भीमगंज थाने पर जुटे रहे। पुलिस ने मारपीट के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। एक को डिटेन किया है। घायल हुए दो लड़कों का मेडिकल करवाया है।

पुलिस के अनुसार भीमगंज थाने के सामने एमजी हॉस्पिटल पार्क में रविवार शाम 7 बजे आरएसएस की सांध्यकालीन शाखा चल रही थी। शाखा में 8 से 10 युवक और बच्चे शामिल थे। वहीं, पार्क के दूसरे हिस्से में दूसरे पक्ष के 15 से 20 लड़के और बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। इस दौरान बॉल आरएसएस कार्यकर्ता को आकर लगी। इससे दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ी तो दूसरे पक्ष के लड़के बैट और स्टंप ले आए। उन्होंने दो संघ कार्यकर्ताओं की पिटाई कर दी। शोर होने पर दूसरे पक्ष के घरों से महिलाएं आ गईं और गाली-गलौज करने लगीं। भीमगंज थाना प्रभारी आशुतोष पांड्या जाब्ता लेकर पार्क में पहुंचे। लोगों को समझाकर शांत कराया। उस समय तो दोनों पक्षों के लोग अपने-अपने घर चले गए।

### 400 लोग पहुंचे थाने के बाहर, नारेबाजी करने लगे

शाखा लगा रहे लड़कों ने घटना की जानकारी विश्व हिंदू परिषद (विहिप), बजरंग दल और संघ से जुड़े स्थानीय नेताओं गणेश प्रजापत, राजेश सोनी, गोपाल सोनी और भारत गेंगट को दी। वे रात 9 बजे भीमगंज थाने पर पहुंच गए। रात 9.30 बजे तक थाने के बाहर 400 से ज्यादा लोग जुट गए। वे सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। रात 10 बजे स्थानीय विधायक अशोक कोठारी भी थाने पहुंचे। इसके अलावा सभापति राकेश पाठक, विहिप नेता विजय ओझा, समाज सेवी रवि जाजू भी मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की मांग करने लगे। ये लोग रात 1.30 बजे तक थाने के बाहर बैठे रहे।



### विहिप नेता का आरोप- सोची समझी साजिश

विहिप नेता गणेश प्रजापत ने आरोप लगाया कि यह मामूली विवाद नहीं है। सोची समझी साजिश के तहत किया जा रहा है। पहले बच्चों का झगड़ा कराया जाता है। इसके बाद बड़े शामिल हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि 10 जून को भीलवाड़ा के प्रतापनगर थाना इलाके के पटरी पार एरिया में भी क्रिकेट की बात को लेकर झगड़ा हुआ था। हमारे पक्ष के लड़कों से जबरन नारेबाजी कराई गई और मारपीट की गई थी। उन्हें उदयपुर रेफर किया गया था। इस मामले में भी आरोपियों को गिरफ्तारी को लेकर गुरुवार (20 जून) को भीलवाड़ा बंद हुआ था। यह मामला अभी चल ही रहा है। ऐसे में कहा जा सकता है कि आरएसएस को टारगेट कर यह सोच-समझ कर किया जा रहा है। संघ नेताओं ने आरोप लगाया कि झगड़ा करने वाले युवक के पिता पीएफआई से जुड़े हैं। इससे पहले भी पार्क में शाखा के दौरान दो बार पथराव की घटना हो चुकी है। लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ा था।

# बड़े अस्पताल में मानव हाथ मुंह में लेकर घूमता रहा कुत्ता, फैली सनसनी

### थ्रेसर से हाथ कटने के बाद मरीज अस्पताल में भर्ती है, कटा हाथ डस्टबिन में फेंक दिया था

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर में 22 जून को रात 1 बजे एक कुत्ता मुंह में इंसान का हाथ लेकर घूमता नजर आया। यह देख हॉस्पिटल में भर्ती मरीज और उनके परिजनों में सनसनी फैल गई। सिक्योरिटी गार्ड को इसकी सूचना दी। हॉस्पिटल से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। करीब 30 मिनट बाद पुलिस ने कुत्ते के मुंह से हाथ रिकवर कर लिया।

पुलिस के अनुसार रात को एसएमएस हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर में कुत्ते के मुंह में इंसान का हाथ होने की सूचना मिली। इसके बाद हाथ को रिकवर कर ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज के पास पहुंचे। उन्होंने हाथ लेने से मना कर दिया। इस पर पुलिस ने 23 जून को सुबह 7.30 बजे हाथ को मोर्चरी में रखवाया।

### हाथ थानागाजी के युवक का

जांच में सामने आया कि कटा हुआ हाथ थानागाजी के रहने वाले विक्रम का है। जो इस समय ट्रॉमा सेंटर के ऑर्थो मेल वार्ड में भर्ती है। 18 जून को थानागाजी में थ्रेसर से विक्रम का हाथ कोहनी के पास से कट गया था। इस पर परिजन उसे पहले निजी अस्पताल लेकर गए। फिर एसएमएस ट्रॉमा सेंटर में लेकर आए। यहां डॉक्टर्स ने मेडिकल इश्यू बताते हुए कहा- अब हाथ नहीं लग सकता है। उन्होंने हाथ रिसीव नहीं किया। इसके बाद विक्रम के रिश्तेदार ने हाथ को डस्टबिन में डाल दिया था। डस्टबिन से हाथ कुत्ते तक कैसे पहुंचा, इसकी जांच हो रही है।

## गाजा में युद्ध समाप्त करने के समझौते पर सहमत नहीं होंगे : नेतन्याहू

बढ़ता राजस्थान



**तेल अवीव ।** गाजा में आठ महीने से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की व्यवहारिकता पर सोमवार को उस समय संदेह के बादल छा गए जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वे केवल आंशिक युद्धविराम के समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार होंगे, जिससे युद्ध समाप्त नहीं होगा। नेतन्याहू की इस टिप्पणी से हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश फैल गया। रविवार देर रात इजराइली चैनल 14 पर प्रसारित एक साक्षात्कार में नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में अब भी बंधक बनाए गए लगभग 120 लोगों का जिक्र करते हुए कहा कि वह आंशिक समझौता करने के लिए तैयार हैं और यह कोई रहस्य नहीं है जिससे हमें कुछ लोग वापस मिल जाएंगे।

# राजस्थान सीमा के नजदीक पहुंचा मानसून

## बिजली गिरने से युवक की मौत : 15 जिलों में बारिश का अलर्ट

**जयपुर।** मानसून राजस्थान की सीमा तक पहुंच गया है। वहीं, 26-27 जून तक मानसून की एंट्री झालावाड़, बांसवाड़ा के रास्ते हो सकती है। प्रदेश में इसका प्रभाव बढ़ने लगा है। उत्तरी-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में न केवल नमी बढ़ गई, बल्कि प्री-मानसून गतिविधियां भी बढ़ गईं। इसके असर से सोमवार शाम 4 बजे कुचामन डीडवाना स्टेट हाइवे पर मोलासर में बारिश हुई। उधर, सोमवार तड़के बिजली गिरने से चित्तौड़गढ़ में एक युवक की मौत हो गई। मौसम केन्द्र जयपुर ने 15 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है। 27 जून तक राजस्थान के दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में लगातार बारिश होने की संभावना जताई है। इस बीच 26 और 27 जून को कुछ जिलों में भारी बारिश का भी अनुमान है। चित्तौड़गढ़ के डूंगला में रविवार देर रात आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। देर रात को बारिश के कारण सुरेश लाल (42) पुत्र चुन्नीलाल रावत की नींद खुल गई।

# केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली

## कोर्ट बोला- दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित रखना असामान्य

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से 20 जून को जमानत मिली थी। हालांकि वे अब भी जेल में हैं क्योंकि ईडी ने जमानत के विरोध में 21 जून को हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जहां से राउज एवेन्यू कोर्ट के आदेश पर स्टे लग गया। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ अरविंद केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट पहुंचे, जहां सोमवार को मामले की सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट ने अभी फैसला नहीं सुनाया है, इसलिए उसके पहले कोई आदेश देना सही नहीं होगा। थोड़ा इंतजार करना चाहिए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने 26 जून तक के लिए सुनवाई टाल दी। 21 जून को हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा था कि हम 24-25 जून तक फैसला सुनाएंगे। तब तक जमानत पर रोक रहेगी। इस पर आज सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस मिश्रा ने कहा कि हाईकोर्ट की तरफ से फैसला सुरक्षित रखना असमान्य बात है। आमतौर पर स्टे की याचिका में फैसला उसी समय सुनाया जाता है।

वहीं ईडी ने सोमवार को हाईकोर्ट में जवाब



दाखिल कर केजरीवाल को लोकर कोर्ट से जमानत दिए जाने को गैरकानूनी बताया। ईडी ने कहा कि ट्रायल कोर्ट की वेकेशन बेंच के सामने जो भी जरूरी दस्तावेज रखे गए थे, बेंच ने उन पर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा।

ईडी ने कहा कि इन दस्तावेजों में सबूत थे कि अरविंद केजरीवाल मनी लॉन्ड्रिंग केस में गर्दन तक डूबे हैं। दिल्ली शराब घोटाले से जो काला धन जमा हुआ था, उसमें आम आदमी पार्टी की बड़ी हिस्सेदारी थी। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत अरविंद केजरीवाल की भूमिका को नजरअंदाज करके वेकेशन बेंच ने गंभीर भूल की है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# विवाद के बाद ड्रोन सर्चिंग : घरों की छत पर पत्थरबाजी का सामान

## जोधपुर में उपद्रव के चौथे दिन शांति

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर ( नि.स. )।** जोधपुर के सूरसागर में उपद्रव के बाद पुलिस काफी सख्ती और सतर्कता बरत रही है। हालात काबू में हैं। इस बीच सूरसागर इलाके की ड्रोन कैमरे से सर्चिंग में खुलासा हुआ है कि यहां कई घरों की छत पर पत्थरों के ढेर जमा किए हुए हैं। ड्रोन कैमरे में ये सब नजर आने के बाद पुलिस ने एसटीएफ टीम को फौरन इन घरों की छत पर भेजा और यहां से 2 ट्रॉली से ज्यादा पत्थर बरामद किए। अब पुलिस इन मकान मालिकों पर सख्ती से कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। पुलिस को आशंका है कि यहां छतों पर जमा किए गए पत्थरों से एक बार फिर माहौल बिगाड़ने की साजिश रची जा रही थी। इसी के चलते रविवार को इस इलाके में ड्रोन सर्वे करवाया गया था।

### सोशल मीडिया पर माहौल खराब करने की कोशिश

इससे पहले यह पता चला था कि सोशल मीडिया पर भी जोधपुर का माहौल बिगाड़ने की साजिश रची जा रही है। शुक्रवार देर रात जोधपुर के सूरसागर में हुई पथराव की घटना के बाद सोशल मीडिया पर भ्रामक दावे कर वीडियो को गलत ढंग से प्रचारित किया जा रहा है। ट्विटर पर अलग-अलग अकाउंट से वीडियो के साथ झूठे कैप्शन लगा कर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। किसी ने इसे एक समाज का दूसरे समाज विशेष पर अत्याचार बताया है तो किसी ने लिखा है कि पुलिस उपद्रवियों की मदद कर रही है, उनसे पत्थरबाजी करवा रही है।

### पाकिस्तान से सोशल मीडिया पोस्ट

पाकिस्तान फर्स्ट नाम से बने एक्स अकाउंट से पोस्ट में 4 वीडियो शेयर कर दावा किया गया कि ये जोधपुर के सूरसागर क्षेत्र के राजाराम चौराहे के हैं। समाज विशेष पर भारत में अत्याचार हो रहे हैं। धार्मिक स्थल की मरम्मत करते वक्त यहां एक पक्ष ने दूसरे पर हमला कर दिया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )